दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 286
कोटद्वार गुरूवार
23 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## गाड़ी के बोनट में घुसा सांप, वन विभाग ने लिया कब्जे में

**बागेश्वर।** कठायतबाड़ा स्थित कलेज गेट के पास खड़े एक वाहन के बोनट में सांप घुस गया। चालक ने जब बोनट खोला तो उसके होश उड़ गए। गाड़ी में सांप होने की सूचना उसने वन विभाग को दी। सूचना के बाद वन विभाग से बलवंत ऐठानी, ष्णा कपकोटी, हिमांशु बिष्ट तथा संजय कठायत पहुंचे। उन्होंने वाहन का बोनट खोला और सांप को कब्जे में लेकर एक थैले में डाला। इसके बाद उसे जंगल में छोड़ दिया।

## एयर इंडिया की यूएस-दिल्ली फ्लाइट की करवाई इमरजेंसी लैंडिंग, 300 यात्री थे सवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लगभग 300 यात्रियों के साथ एयर इंडिया नेवार्क (यूएस)-दिल्ली उड़ान में तकनीकी खराबी आने के बाद स्वीडन के स्टकहोम हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की गई। बताया जाता है कि एयर इंडिया के बोइंग 777 विमान के एक इंजन में अयल लीक होने के कारण ये फैसला किया गया। विमान के इंजन के जांच की जा रही है। एयर इंडिया फिलहाल दूसरे विमान से यात्रियों को दिल्ली भेजने की तैयारी कर रहा है। इस विमान में 300 पैसेंजर सवार थे और सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयर इंडिया के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के वक्त स्टक-होम हवाईअड्डे पर बड़ी संख्या में दमकल गाडियों को तैनात किया गया था।

## आजम खान के समर्थन में सपा विधायकों ने पहनी शेरवानी

**लखनऊ , (एजेंसी)।** समाजवादी विधायक बुधवार को शेरवानी पहनकर उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे। सपा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव भी लाल टोपी के साथ काली शेरवानी पहने नजर आए।


विधायकों ने कहा कि यह उनके नेता मोहम्मद आजम खान को समर्थन देने का उनका तरीका था, जिन्होंने न केवल राज्य विधानसभा की सदस्यता खो दी है बल्कि मतदान का अधिकार भी खो दिया है।आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम ने भी अपनी सदस्यता और मतदान का अधिकार खो दिया है। विधायकों ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार व्यक्तिगत प्रतिशोध के कारण आजम खां और उनके परिवार को लगातार परेशान और प्रताडिघ्त कर रही है।

## पद्म श्री, पद्म भूषण सम्मानित प्रसिद्ध नृत्यांगना का 85 वर्ष की उम्र में निधन

**मुंबई (एजेंसी)।** प्रसिद्ध मोहिनीअट्टम नृत्यांगना डक़ कनक वाई रेले का बुधवार सुबह एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 85 वर्ष की थीं और उनके परिवार में उनके पति यतींद्र रेले, बेटा राहुल और बहू उमा और पोते-पोतियां हैं।

# भारत में कभी भी आ सकता है भूकंप

## एनजीआरआई के वैज्ञानिक ने दी चेतावनी



**हैदराबाद, एजेंसी।** तुर्किए और सीरिया में आए भयंकर भूकंपों से हुई तबाही और उससे पहले उत्तरकाशी में आई दरारों के कारण भारत में भूकंपविज्ञानी सतर्क हो गए है। हैदराबाद स्थित एनजीआरआई के प्रमुख वैज्ञानिक की माने तो भारतीय प्लेट के सरकने से हिमालयी क्षेत्र में भूकंप का खतरा बढ़ रहा है।

एक प्रख्यात मौसम विज्ञानी और भूगर्भीय विशेषज्ञ ने इस बात की चेतावनी दी है कि भारतीय टेक्टोनिक प्लेट प्रतिवर्ष 5 सेंटीमीटर की दर से अपना स्थान बदल रही है। इससे हिमायल में खिंचाव बढ़ रहा है। इस कारण आने वाले दिनों में भूकंपों का खतरा बढ़ने की आशंका है।

21 फरवरी को हैदराबाद स्थित जियोफिजिकल रीसच इंस्टीट्यूट के प्रमूख वैज्ञानिक और भूकंप विज्ञानी डक्टर एन पूर्णचंद्रा राव ने कहा कि धरती का बाहरी हिस्सा विभिन्न प्लेट्स से बना है और यह लगातार गति कर रही हैं। भारतीय प्लेट हर साल 5 सेंटीमीटर खिसक रही है। इससे हिमायल में खिंचाव बढ़ रहा है और भूकंपों का खतरे बढ़ रहा है।

वैज्ञानिक ने बताया कि उत्तराखंड में हमारे पास 18 भूकंप-लेखी केंद्रों का मजबूत नेटवर्क है। उत्तराखंड को शामिल करते हुए यह इलाका हिमाचल और नेपाल के पश्चिमी इलाके के बीच सेसमिक गैप के तौर पर जाना जाता है। यह क्षेत्र भूंकपों के मामले में संवेदनशील है और किसी भी समय यहां भूकंप आ सकता है। नेशनल सेंटर फर सेसमोलजी (एनसीएस) की जानकारी के अनुसार 20 फरवरी को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से 56 किलोमीटर उत्तर में 3.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया।

एनसीएस के अनुसार भूकंप का अधिकेंद्र धरती की सतह से 10 किलोमीटर गहराई में था। एनसीएस ने बताया कि 20 फरवरी की रात लगभग 10 बजकर 38 मिनट पर हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से 56 किलामीटर उत्तर में 3.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप का अधिकेंद्र धरती की सतह से 10 किलामीटर गहराई में था। 19 फरवरी को भी आंध्र प्रदेश के नंदीगाम में भूकंप दर्ज किया गया था। इसमें किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली थी।

## दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के झटके, उत्तराखंड में भी हिली धरती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके लगे हैं। भूकंप बुधवार दोपहर को महसूस किया गया। बताया जा रहा है कि इसका केंद्र नेपाल में था। राहत की बात है कि कहीं से भी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले, बुधवार दोपहर डेढ़ बजे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र पिथौरागढ़ से 143 किमी दूर जमीन के 10 किमी अंदर था। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र ने इसकी जानकारी दी है। केंद्र ने बताया कि नेपाल के बाजुरा में बुधवार दोपहर 1 बजकर 45 मिनट पर भूकंप आया।

# जासूसी के आरोप में फंसे मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ी

## गृह मंत्रालय ने सीबीआई जांच की दी मंजूरी

**नई दिल्ली , (एजेंसी)।** 2015 में फीड बैक यूनिट का गठन करने और उनके कामकाज पर लग रहे आरोपों के मामले में मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रहीं हैं। डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुकदमे को मंजूरी दे दी है। अब इस मामले की सीबीआई जांच को मंजूरी दी गई हैं। कथित जासूसी मामले में गृह मंत्रालय ने सिसोदिया के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी मिलने से दिल्ली की सियासत गर्म हो गई है। जहां आप सरकार की तरफ से इन आरोपों को बेबुनियाद बताया जा रहा हैं वहीं दूसरी तरफ उनपर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।

दरअसल, सिसोदिया पर विपक्षी नेताओं की जासूसी कराने का आरोप लगा है। इस टीम के गठन के बाद इसमें 20 अधिकारियों को शामिल किया गया था। जिनपर आरोप है कि उन्होंने बीजेपी और अन्य पार्टियों के नेताओं की कथित तौर पर जासूसी कर कई तरह की जानकारी हासिल की है। आरोप ,में ये भी कहा गया था कि सिर्फ विरोधी नहीं बल्कि आप पार्टी के कई नेताओं की भी जानकारी ली गई थीं। फिलहाल मामले की जांच जारी हैं।

# केंद्र ने 22वें विधि आयोग का कार्यकाल डेढ़ साल के लिए बढ़ाया

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 22वें विधि आयोग का कार्यकाल डेढ़ वर्ष बढ़ाये जाने को बुधवार को मंजूरी दे दी। इस आयोग को अप्रासंगिक कानूनों की पहचान करने एवं उन्हें निरस्त करने की सिफारिश करने का दायित्व दिया गया था। सरकारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

बयान में कहा गया है कि अध्यक्ष और सदस्यों के हाल ही में 22वें विधि आयोग के पदभार ग्रहण करने और कई लंबित परियोजनाओं के कारण इसके कार्यकाल को 31 अगस्त 2024 तक बढ़ाया जाता है। इसका कार्यकाल सोमवार को समाप्त हो गया था। 22वें विधि आयोग का गठन 21 फरवरी, 2020 को तीन साल की अवधि के लिए किया गया था और इसके अध्यक्ष, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी ने नौ नवंबर, 2022 को पदभार ग्रहण किया। बयान के अनुसार, अप्रासंगिक कानूनों की पहचान करने के साथ आयोग को नीति निर्देशक सिद्धांतों एवं संविधान की प्रस्तावना के निर्धारित उद्देश्यों को लागू करने की दिशा में जरूरी समझे जाने वाले नये विधान को लागू करने पर सुझाव देने का दायित्व भी सौंपा गया है। नीति निर्देशक सिद्धांत के तहत अनुच्टेद 44 के अनुसार, सरकार भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी। कानून मंत्री किरण रिजिजू ने इस महीने की शुरुआत में राज्यसभा को सूचित किया था कि अध्यक्ष का कार्यकाल आयोग की अवधि बीतने के साथ समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा था कि 21वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त, 2018 को समाप्त हो गया था। विधि आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, समान नागरिक संहिता से संबंधित मामला 22वें विधि आयोग द्वारा विचार के लिए उठाया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री धामी ने किया सेलाकुई में सगन्ध फसल उत्कृष्टता केन्द्र का लोकार्पण

# पर्वतीय क्षेत्र के किसानों की आय में वृद्धि होगी: सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सगन्ध पौधा केन्द्र, सेलाकुई में सगन्ध फसल उत्ष्टता केन्द्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि उत्तराखण्ड की जलवायु दालचीनी एवं तिमरू के उत्पादन हेतु अनुकूल होने के दृष्टिगत इनका उत्पादन बढ़ाने हेतु मिशन दालचीनी एवं मिशन तिमरू प्रारम्भ किया जायेगा। जिसके माध्यम से पर्वतीय क्षेत्र के किसानों की आय में वृद्धि होगी एवं रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सगन्ध सेक्टर से उत्तराखण्ड के किसानों एवं युवाओं को हो रहे लाभ के दृष्टिगत सगन्ध पौधाकेन्द्र को सुदृढ़ करने हेतु एक्ट के माध्यम से संस्थान के रूप में विकसित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सगंध पौधा केन्द्र द्वारा गुणवत्तापूर्ण सगन्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उत्तराखण्ड में पारम्परिक खेती के क्षेत्र में विभिन्न चुनौतियां हैं। जंगली जानवरों द्वारा नुकसान, भौगोलिक परिस्थितियाँ, वर्षा आधारित षि के चलते राज्य में पारम्परिक षि के प्रति षकों का रुझान निरन्तर कम होता जा रहा है। राज्य के षि क्षेत्र में आ रही चुनौतियों व एरोमैटिक सेक्टर के बढ़ते बाजार को देखते हुए सगंध खेती व संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहां पर 'संगध पौधा केन्द्र की स्थापना की गयी। सगन्ध फसलें कठिन परिस्थितियों में उगने की क्षमता के कारण वर्तमान में एक बेहतरीन नगदी फसल के रूप में स्थापित हो रही हैं। किसानों को उनकी मांग के अनुसार समय पर पर्याप्त मात्रा में पौध सामग्री उपलब्ध कराने के लिए ही इस सगन्ध पौध उत्ष्टता केन्द्र की स्थापना की गयी है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में राज्य में आर्थिकी और पर्यावरण के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए राज्य की परिस्थितियों के अनुरूप विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से अच्टे परिणाम मिल रहे हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग कर किसानों की आय को बढ़ाने की दिशा में भी निरंतर प्रयास करने होंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह केन्द्र राज्य में सगन्ध फसलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। जिससे किसानों को आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को अग्रणी राज्य बनाने के लिए सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे। विभागों द्वारा अनेक योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, ताकि उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाया जा सके।

कृषि एवं षक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सगन्ध पौधा केन्द्र (कैप) सेलाकुई के प्रयासों से जहां एक ओर काश्तकार सगन्ध खेती के माध्यम से बेहतर आय प्राप्त कर रहे हैं वहीं उनमें उद्यमशीलता का भी विकास हो रहा है। सगन्ध फसलों की सफल खेती को देखते हुये राज्य में वृहद रुप से खेती कराये जाने हेतु राज्य में सात एरोमा वैलियां जनपद हरिद्वार में लैमनग्रास एवं मिन्ट वैली, जनपद- नैनीताल व चम्पावत में सिनामन वैली, जनपद चमोली एवं जनपद अल्मोडा में डेमस्क गुलाब वैली, जनपद उद्यमसिंह नगर में मिन्ट वैली, जनपद पिथौरागढ में तिमूर वैली एवं जनपद पौड़ी में लैमनग्रास वैली विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस उत्ष्टता केन्द्र का उपयोग नर्सरी उत्पादन के अलावा षकों को नर्सरी तैयार करने के प्रशिक्षण हेतु किया जायेगा ताकि नर्सरी द्वारा भी वे आय अर्जन कर सके। इस हाईटैक नर्सरी में पर्याप्त मात्रा में दालचीनी, तिमूर, सुरई, डैमस्क गुलाब आदि की पौध तैयार होने से राज्य की बंजर पड़ी षि भूमियों में सगन्ध फसलों के बगीचे स्थापित किये जा सकेंगे। राज्य में सगन्ध बगीचों की स्थापना से षकों की आर्थिकी में वृद्धि होगी।इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष देहरादून ग्रामीण मीता सिंह, निदेश-ाक सगंध पौधा केन्द्र के निदेशक ड. नृपेन्द्र चौहान, महानिदेशक यूकस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, सगंध पौधा केन्द्र से हेमा लोहनी, ड. सुनील शाह एवं काश्तकार मौजूद थे।

## नरेंद मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश को सशक्त और मजबूत बनाया : नड्डा

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)** । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सुषमा स्वराज भवन, नई दिल्ली में मोदी शेपिंग ए ग्लोबल अडर इन फ्लस पुस्तक को लन्च किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक परिवेश में भारत के बढ़ते कद और वैश्विक समस्याओं के समाधान में भारत की अग्रणी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।



मोदी शेपिंग ए ग्लोबल अडर इन फ्लस की प्रस्तावना भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लिखी है जबकि इसके संपादक सुजान चिनय , विजय चौथाईवाले (भाजपा के विदेश मामलों के प्रभारी) और उत्तम कुमार सिन्हा हैं। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कैसे निर्णायक फैसले लेते हुए और चुनौतियों को देश के लिए अवसर में तब्दील करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश को सशक्त और मजबूत बनाया है।

# एलएसी विवाद को लेकर सैन्य कमांडर स्तर की अगली बैठक जल्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-चीन के बीच सीमा मामलों को लेकर परामर्श एवं समन्वय प्रणाली की बुधवार को 26वीं बैठक हुई। इस बैठक में पूर्वी लद्दाख के बचे हुए बिंदुओं से सेनाओं को हटाने के मुद्दे पर वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की बैठक को जल्द आयोजित करने को लेकर सहमति बनी।



बीजिंग में हुई डब्ल्यूएमसीसी की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) ड. शिल्पक आम्बुले ने की, जबकि चीनी पक्ष का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय में सीमा एवं समुद्री मामलों के विभाग के महानिदेशक यी शियानलियांग ने की।इस बैठक में दोनों पक्षों ने भारत-चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में पश्चिमी सेक्टर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति की समीक्षा की और बाकी इलाकों से सेनाओं को पीटे हटाने के प्रस्तावों पर खुले एवं रचनात्मक तरीके से चर्चा की ताकि एलएसी पर शांति एवं स्थिरता बहाल हो सके और दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति हो सके।

मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों और प्रोटोकल के मुताबिक, भारत और चीन दोनों ही वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की बैठक को जल्द से जल्द आयोजित करने पर सहमत हुए।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत-गुयाना हवाई सेवा समझौते को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारत और गुयाना के बीच, एक हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी है। यह समझौता दोनों देशों की हवाई सेवाओं के प्रावधान के लिए एक रूपरेखा तैयार करेगा। इससे दोनों पक्षों के वाहकों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करते हुए बेहतर और निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए एक सक्षम वातावरण मिल सकेगी।

एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टियों के बीच राजनयिक नोटों के आदान-प्रदान के बाद यह समझौता लागू होगा कि प्रत्येक पक्ष ने संधि के बल में प्रवेश के लिए आवश्यक आंतरिक प्रक्रिया पूरी कर ली है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि 2012 की जनगणना के अनुसार, गुयाना में भारतीयों की अच्छी खासी उपस्थिति है और यह सबसे बड़ा जातीय समूह है, जिसमें लगभग 40 प्रतिशत की आबादी शामिल है।

# शादी में हुई हर्ष फायरिंग में 14साल के किशोर की मौत

**रुड़की।** बुग्गावाला थाने के हसनगढ़ में शादी की मढ़ा रस्म में डीजे पर डांस के दौरान हर्ष फायरिंग में चौदह साल के किशोर की गोली लगने से मौत हो गई। मृतक रिश्ते में दूल्हे का भतीजा था। पुलिस ने आरोपी को देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। हसनगढ़ गांव में मंगलवार रात सतनाम पुत्र विक्रम की शादी थी। देर शाम मढ़ा की रस्म अदायगी के बाद डीजे पर गाने चल रहे थे।



इस बीच गांव के ही श्रवण कुमार उर्फ पप्पू ने हर्ष फायरिंग कर दी। जिसकी गोली परमजीत उर्फ काकू (14) पुत्र ओमप्रकाश उर्फ टोनी के सीने में जा लगी। वह मढ़ा में शगन देने के लिए आया था। अचानक गोली चलने से वहां अफतराफरी मच गई। लोग कुछ समझ पाते तब तक बच्चा लहूलुहान हो गया था।

बच्चे को स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। जहां डक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सूचना पुलिस को मिली।

आरोपी घटना के बाद फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसएसपी अजय सिंह ने आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

पुलिस ने आरोपी श्रवण कुमार उर्फ पप्पू पुत्र बलवंत सिंह को खेड़ी शिकोहपुर जाने वाले रास्ते से पकड़ लिया। एसएसपी ने बताया कि आरोपी को नौ एमएम की देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक खोखा राउंड के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम में बुग्गावाला थाना प्रभारी अजय शाह, एसआई समीप पांडेय, हेड कांस्टेबल कुलवीर, भागचंद, गजेंद्र शामिल रहे।

## मुख्य सचिव ने की पौड़ी जिले में मूलभूत अवसंरचना विकास के सम्बन्ध में अधिकारियों एवं डीएम पौड़ी के साथ बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में पौड़ी जनपद में मूलभूत अवसंरचना विकास के सम्बन्ध में अधिकारियों एवं जिलाधिकारी पौड़ी के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी पौड़ी से जनपद के अन्तर्गत सभी सड़कों को गड्ढामुक्त किए जाने के निर्देश दिए।मुख्य सचिव ने कहा कि पौड़ी में सीवरेज सिस्टम के विकास एवं पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए प्लान तैयार किया जाए।

# शिवसेना विवाद में शरद पवार की एंट्री

## बोले- पहले कभी नहीं देखा चुनाव आयोग का ऐसा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र में उद्धव और शिंदे गुट के बीच जारी विवाद में एनसीपी प्रमुख शरद पवार की भी एंट्री हो गई है। सुप्रीम कोर्ट से उद्धव ठाकरे गुट को झटका लगा है, जिसे लेकर शरद पवार ने चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। अपने एक बयान में उन्होंने कहा है कि ष्चुनाव आयोग ने कुछ दिन पहले एक फैसला दिया था। यह एक उदाहरण है कि कैसे एक संस्था का दुरुपयोग किया जा सकता है। हमने चुनाव आयोग द्वारा ऐसा फैसला पहले कभी नहीं देखा। बालासाहेब ठाकरे ने अपने आखिरी दिनों में कहा था कि उनके बाद शिवसेना की जिम्मेदारी उद्धव ठाकरे को दी जाएगी।



चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए शरद पवार ने कहा कि पिछले दिनों किसी ने चुनाव आयोग से शिवसेना के नाम और चिह्न को लेकर शिकायत की थी। जिसपर चुनाव आयोग ने फैसला सुनाया और इसे पार्टी को बनाने वालों में से किसी और को शिवसेना और उसका चिह्न आवंटित कर दिया। यह राजनीतिक दलों पर बड़ा हमला है।इस दौरान शरद पवार ने देश की केंद्र सरकार पर भी जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा कि आज चुनाव आयोग और अन्य संस्थाएं वही फैसले दे रही हैं जो सत्ताधारी सरकार चाहती है।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया उत्तराखण्ड स्वागत गीत का विमोचन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में लेखक एवं गायक मधुसूदन जोशी के उत्तराखण्ड की परम्पराओं एवं विशेषताओं को बढ़ावा देने वाले लोक भाषा पर आधारित गीत उत्तराखण्ड स्वागत गीत का विमोचन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की विशेषताओं पर आधारित यह गीत उत्तराखंड की संस्कृति एवं पर्यटन को बढ़ावा देने में मददगार होगा। उत्तराखण्ड स्वागत गीत में उत्तराखण्ड के चार धामों के साथ राज्य पक्षी मोनाल, पुष्प ब्रह्मकमल, पशु कस्तूरी मृग, बुराँश, धार्मिक महत्व के स्थलों, त्यौहारों के साथ विभिन्न मन्दिरों एवं प्राकृतिक सौन्दर्य का चित्रण किया गया है।



इस अवसर पर गीत के लेखक एवं गायक मधुसूदन जोशी, म्यूजिक एरेंजर स्टूडियो ऑन रिकॉर्ड म्यूजिक प्रड्यूसर एण्ड कम्पोजर अमित वी कपूर, गिरजा शंकर जोशी, किशोर भट्ट, हरीश कोठारी, इन्द्र सिंह कड़ाकोटी एवं भूपेन्द्र सिंह बसेड़ा आदि उपस्थित रहे ।

## स्कूल और कॉलेजों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण देंगेः डीजीपी


देहरादून। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि पुलिस बालिकाओं की आत्मरक्षा के लिए स्कूल और कॉलेजों में भी प्रशिक्षण शिविर लगाएगी। मिशन गौरा शक्ति के तहत विभाग की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस लाइन में गौरा शक्ति के अंतर्गत महिला पुलिसकर्मियों के लिए आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण के समापन पर डीजीपी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मिशन गौरा शक्ति के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिसमें महिलाओं को आत्मरक्षा की ट्रैनिंग देना, प्राप्त शिकायतें का समय से निस्तारण किया जाना, स्कूल और कालेजों में जाते वक्त जिन क्षेत्रों में महिलाओं–लड़कियों से छेड़छाड होती है, उन क्षेत्रों में फोकस करना है।

# सीएम को काले झंडे दिखाने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

विकासनगर। शीशमबाड़ा प्लांट को अन्यत्र शिफ्ट नहीं किये जाने और सेलाकुई नगर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का निराकरण नहीं होने से आक्रोशित होकर मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने शहीद सतेंद्र चौक पर रोक दिया। बाद में पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर सेलाकुई थाने ले गयी। जहां दो घंटे तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को थाने में बैठाये रखा गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल से चले जाने के बाद पुलिस ने कांग्रेसियों को बिना शर्त छोड़ दिया।

बुधवार को ग्यारह बजे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सगंध पौधा केंद्र में उद्घाटन के लिए समय निर्धारित था, जिसके चलते कांग्रेस कार्यकर्ता करीब दस बजे शहीद सत्येंद्र चौक पर एकत्रित होने शुरू हो गये। हाथ में काले झंडे लेकर मुख्यमंत्री का विरोध करने कार्यक्रम स्थल जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने शहीद चौक पर रोक लिया। जहां उन्हें पुलिस की गाड़ी में बैठाकर थाने ले गये और मुख्यमंत्री के हेलीपैड से निकलने के बाद ही थाने से रिहा किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अमित पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने चुनाव के दौरान व मुख्यमंत्री बनने पर शीशमबाड़ा प्लांट को अन्यत्र शिफ्ट करने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक घोषणा पूरी नहीं हुई। प्लांट की दुर्गंध और गंदे पानी से लोगों को गंभीर बीमारियां रही हैं। क्षेत्र के लोगों के लिए शीशमबाड़ा प्लांट नासूर बन कर रह गया है। सेलाकुई नगर की सड़कें बदहाल हैं। नगर में पेयजल का संकट बना रहता है। दो– दो नलकूप नगर क्षेत्र में लगे हैं, लेकिन दोनों बिजली का बिल न चुकाने से कनेक्शन कटने के कारण बंद पड़े हैं। सरकार बिजली बिलों का भुगतान नहीं कर रही है। जगह–जगह नालियां चोक पड़ी हैं। बरसात के दौरान जल निकासी के लिए कोई प्रबंधन नहीं किये गये हैं। नगर क्षेत्र का विकास ठप पड़ा है, जिसके चलते मुख्यमंत्री के विरोध के लिए कांग्रेस को मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी होने के नाते कांग्रेस क्षेत्र के विकास पर चुप बैठने वाली नहीं है। कहा कि सड़क से लेकर सदन तक कांग्रेस हर स्तर पर जनहितों के लिए संघर्ष करेगी। काले झंडे दिखाने जाने वालों में व्यापार मंडल उपाध्यक्ष संजय गर्ग, नगर महामंत्री अखिलेश गुप्ता, अशोक नेगी, हरीश बिष्ट, जयवीर धीमान, सुबोध सिंह सजवाण, रोशन लाल, संजीव उपाध्याय, जोत सिंह निवाड़ी, मनोज गुसाईं, शिवम त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

# दिल्ली कबड्डी टूर्नामेंट के नॉकआउट राउंड में पहुंचा



देहरादून। ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कबड्डी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में सीएस दिल्ली शानदार प्रदर्शन के साथ नॉकआउट राउंड में जगह बना ली। देहरादून में न्यू मल्टी पर्पज हॉल परेड ग्राउंड में चल रहे टूर्नामेंट में बुधवार को पुरुष वर्ग में मैच हुए। पहले मैच में आरएसबी मुंबई ने आरएसबी देहरादून को करीबी मुकाबले में 6–4 से हराया। दूसरे मैच में सीएस दिल्ली ने बेहतरीन रैडिंग व डिफेंडिंग के दम पर आरएसबी कोलकाता को 34–17 से हराया। दूसरे मैच में सीएस दिल्ली ने आरसबी अहमदाबाद को 26–9 और तीसरे मैच में आरएसबी हैदराबाद को को 14–4 से हराया। वहीं, हिमाचल प्रदेश ने मध्य प्रदेश को 21–6 से पटखनी दी। दिल्ली से हारने के बाद आरएसबी कोलकाता ने शानदार वापसी करते हुए आरएसबी हैदराबाद को 24–18 और अहमदबाद को 22–4 से हराया। वहीं, आरएसबी मुंबई व बेंगलुरु के बीच मुकाबला 11–11 से टाई रहा। उधर, मेजबान उत्तराखंड ने उत्तर प्रदेश को 31–20 से हराया। इसके अलावा आरएसबी चेन्नई ने आरएसबी देहरादून को 36–23 से पराजित किया। महिला वर्ग के पहले मैच में ओडिशा ने केरल को 29–15 से हराया। दूसरे मैच में आरएसबी कोलकाता ने मध्य प्रदेश को एकतरफा मुकाबले में 37–6 से शिकस्त दी। तीसरे मैच में ओडिशा ने कर्नाटक को कड़े संघर्ष में 23–22 से हराया। पंजाब व मध्य प्रदेश के बीच खेला मैच 13–13 से टाई रहा। पांचवें मैच में हिमाचल प्रदेश ने राजस्थान को 28–12 से हराया। छठे मैच में राजस्थान ने तेलंगाना को 34–14 से पराजित किया। सातवें मैच में बिहार ने केरल को 22–13 से हराया। आरएसबी जयपुर व पंजाब के बीच खेला गया मैच 21–21 से बराबरी पर छूटा। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश ने तेलंगाना को 28–5 व छत्तीसगढ़ ने मध्य प्रदेश को 44–32 से हराया।

## सीबीआई जांच की मांग पर बेरोजगारों का उपवास

देहरादून। लोक सेवा आयोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में हुई तमाम भर्तियों की सीबीआई जांच की मांग लेकर तीन बेरोजगार बुधवार को घंटाघर स्थित इंद्रमणि बडोनी के मूर्ति के नीचे उपवास पर बैठ गए।

उनका कहना है कि शहीद स्थल से उनका धरना समाप्त हो गया था, लेकिन आंदोलन लगातार जारी है। बेरोजगार अभी भी दोनों आयोगों की सभी भर्तियों की सीबीआई जांच की मांग पर अड़े हैं।

उपवास पर बैठे सुरेश सिंह ने बताया कि उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पवार व देवभूमि बेरोजगार मंच के अध्यक्ष राम कंडवाल सहित जेल गए तमाम बेरोजगार नेताओं को धरना प्रदर्शन या उपवास की अनुमति नहीं है।

# नाबार्ड को ग्रामीण समृद्धि का आधार बनाने का प्रयास किया जाय : राज्यपाल

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में बुधवार को राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास संस्थान (नाबार्ड), उत्तराखण्ड के मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार बिष्ट और प्रबंधन निदेशक डॉ. सुमन कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को नाबार्ड की गतिविधियों और क्रिया–कलापों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि नाबार्ड को ग्रामीण समृद्धि का आधार बनाने का प्रयास किया जाय। उन्होंने कहा कि कलस्टर आधारित कृषि के लिए किसानों को प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने के साथ ही प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संवर्द्धन पर भी विशेष फोकस किया जाय।



राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बेहतरीन उत्पाद बनाये जा रहे है। उनके उत्पादों की मार्केटिंग, ब्रांडिंग और सप्लाई चेन में नाबार्ड सहयोग करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें लाभान्वित करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि नाबार्ड के माध्यम से अधिक से अधिक उद्यमियों को तैयार किया जाय ताकि उनसे प्रेरणा लेकर अन्य लोग भी इससे जुडें।

## एक नजर

### बजट के अभाव में शहर में विकास कार्यों पर ब्रेक

देहरादून। नगर निगम के वार्डों में विकास कार्यों पर करीब तीन माह से ब्रेक लग गया है। बजट के अभाव में करीब 34 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित नालियों, पुश्तों, सड़कों आदि का काम धरातल पर शुरू नहीं हो पाया। जिसे लेकर जनता और पार्षदों में नाराजगी बढ़ रही है। उत्तराखंड राज्य में निकाय चुनाव की उलटी गिनती शुरू हो गई है। राजनैतिक दलों की ओर से बैठकें आयोजित कर रणनीति बनाई जा रही है। नगर निगम के वार्डों में 34 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित विकास कार्यों का काम शुरू होना था। जिसकी कवायद दिसंबर माह से चल रही है। सूत्रों के मुताबिक बजट के अभाव में निगम टेंडर जारी नहीं कर पा रहा। निगम पर करीब 70 करोड़ की देनदारी है। शासन की ओर से विकास कार्यों के लिए आर्थिक मदद नहीं मिल पा रही। ऐसे में निगम ने फिलहाल विकास कार्यों पर बजट खर्च से हाथ खींच लिए हैं। नगर आयुक्त ने लोक निर्माण अनुभाग से अब तक हुए विकास कार्यों का पूरा ब्यौरा तलब किया है। ताकि पहले ठेकेदारों को पूर्व में हुए कार्यों का भुगतान हो सके और आगे योजनाबद्ध तरीके से कार्य हो सकें।नगर निगम के वार्डों में प्रस्तावित विकास कार्यों का काम जल्द से जल्द शुरू करवाने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ योजनाओं का बजट शासन स्तर जारी होना है।

### राज्य कर्मचारियों ने उठाई समान सेवा नियमावली की मांग

देहरादून। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सभी विभागों के लिए समान सेवा नियमावली लागू करने के साथ ही गोल्डन कार्ड की विसंगतियां दूर करने की मांग उठाई है। राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष अरूण पांडेय और महामंत्री शक्ति प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु को ज्ञापन सौंपकर लंबित समस्याएं दूर करने की मांग की। परिषद ने कहा कि उत्तराखंड में राजकीय सेवारत विभिन्न सवंगी की कार्य प्रणाली और भर्ती श्रोत को देखते हुए, समान सेवा नियमावली बनकर तैयार हो चुकी है।

# गन्ना किसानों ने पुतला फूंक किया प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन



ऋषिकेश। गन्ना किसानों ने राज्य सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है। किसान अभी तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं किए जाने से नाराज हैं। आक्रोशित किसानों ने सरकार को किसान विरोधी बताया। बुधवार को डोईवाला चीनी मिल गेट पर किसान एकत्रित हुए। यहां उन्होंने पुतला फूंककर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसान गुरदीप सिंह ने कहा कि सरकार ने अभी तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया है। भाजपा सरकार किसानों के साथ छलावा कर रही है। भाजपा सरकार की नियति बन गई है कि चुनाव के समय गन्ना मूल्य बढ़ाकर घोषित किया जाए। लेकिन इस वर्ष अभी तक उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया है। इसे लेकर किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसान नेता अमीर हसन ने डोईवाला चीनी मिल के अधिशासी निदेशक की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिह्न लगाए। कहा कि ईडी झूठी वाहवाही लूट रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार शीघ्र बढ़ा हुआ गन्ना मूल्य घोषित करे। प्रदर्शन करने वालों में सुरेंद्र सिंह खालसा, दलजीत सिंह, उमेद बोरा, बलवीर सिंह, अनूप कुमार, अन्वेष लोधी, याकूब अली, गुरदेव सिंह आदि शामिल रहे।

**भाजपा किसान मोर्चा के नेताओं ने की प्रदर्शन की निंदा**

डोईवाला। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र रावत और डोईवाला नगर मंडल किसान मोर्चा के अध्यक्ष मुन्ना चौहान ने मिल गेट पर प्रदर्शन करने की निंदा की। कहा कि क्षेत्र के किसान मिल के अधिशासी निदेशक की कार्यप्रणाली से खुश हैं और चीनी मिल की व्यवस्थाएं दुरुस्त है। किसान को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। भानियावाला के किसान मोहन सिंह, आदेश कृषाली, अरुण सोलंकी, अजीत राठौर, रविंद्र सिंह, दूधली के किसान पुनीत, दरबान बोरा, अजय ने कहा कि किसानों को मिल के ईडी का पूरा सहयोग मिल रहा है।

## जमीनी विवाद में युवक को जमकर पीटा, आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ऋषिकेश। श्यामपुर क्षेत्र में जमीन के विवाद में एक युवक को जमकर पीट दिया। इस दौरान उसकी पत्नी से भी छेड़छाड़ किए जाने का आरोप है। पुलिस में शिकायत करने पर कार्रवाई नहीं हुई, तो पीड़ित न्यायालय की शरण में पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक परिवार के तीन सदस्यों समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक आईडीपीएल निवासी करण की श्यामपुर में जमीन है। कुछ वक्त पहले वह भूमि पर काम करने के लिए गया था। आरोप है कि इस दौरान जमीन पर हक जताते हुए दिग्पाल सिंह पुत्र नरेंद्र और उसकी पत्नी शांति व बेटे सुशांत ने पांच अज्ञात लोगों के साथ मिलकर पिटाई कर दी।

## जमीन बेचने के नाम पर लाखों की धोखाधडी, तीन के खिलाफ केस दर्ज

विकासनगर। देहरादून निवासी एक युवती को कैंचीवाला गांव में जमीन के फर्जी दस्तावेज दिखाकर जमीन बेचने के नाम पर तीन लोगों ने बीस लाख 75 रुपये हड़प लिये। आरोपियों ने जिस जमीन को युवती को बेचने के लिए दिखाया था उसे अन्यत्र बेच डाला। युवती ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है।

युवती की तहरीर पर पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी करने और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज करा दिया है। शालू चौधरी पुत्री नरेंद्र सिंह चौधरी निवासी 129 व्योमप्रस्थ देहरादून ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपी असलम, नरेंद्र सिंह पुत्र भगवान सिंह व सुरेश तीनों निवासी कैंचीवाला ने उसे कैंचीवाला में जमीन दिखाई। जिसका बीस लाख 75 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। बताया कि जब आरोपियों से जमीन की रजिस्ट्री करने की बात हुई तब आरोपी टाल–मटोल करने लगे। बताया कि जब वह मौके पर जमीन को देखने गयी तब पता चला कि जिस जमीन को आरोपियों ने उसे दिखाया है उसके दस्तावेज फर्जी तरीके से तैयार किये गये हैं। यही नहीं आरोपियों ने जमीन को अन्य किसी व्यक्ति को बेच दिया। जिस पर उसने आरोपियों से अपने रुपये लौटाने को कहा, लेकिन आरोपियों ने उसके रुपये नहीं लौटाये और अब रुपये मांगने पर उसे बार बार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# भाजपा की बैठक में बूथ मजबूत करने पर दिया जोर

रुद्रप्रयाग। भारतीय जनता पार्टी जखोली मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष धूम सिंह राणा की अध्यक्षता में मयाली में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रुप में भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिह पवांर उपस्थित रहे। बैठक में जिला प्रभारी दीपराज बंगारी ने कार्यकर्ताओं को पार्टी विषय पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी संगठन की रीढ़ होती है,इसके साथ ही उन्होंने बूथों को मजबूत करने पर बल दिया है। बैठक में विधायक प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिह भंडारी ने कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के राजनैतिक प्रस्ताव पढ़कर कार्यकर्ताओं को सरकार की नीतियों से अवगत कराया है। इस मौके पर भाजापा जिलाध्यक्ष महावीर सिह पवांर ने कार्यकर्ताओं को संगठित होकर कार्य करने की अपील की है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात के माध्यम से गाँव–गाँव जाकर लोगों से संवाद करने की बात कही और सरकार द्वारा चलाई जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुचाँने का आह्वान किया है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मेहरबान रावत, संजयपाल नेगी,सांसद प्रतिनिधि कुलेन्द्र सिह राणा, गिरवीर सिह रावत, महावीर सिह बुटोला, रघुवीर सिह कैन्तूरा, गुलाबी देवी, अनीता कोठारी, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप कठैत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन भगवान सिंह राणा ने किया है।

## बीकेटीसी अध्यक्ष का आभार जताया

रुद्रप्रयाग। बाबा केदारनाथ के शीतकालीन पूजा स्थल ओंकारेश्वर मंदिर के कोठा भवन निर्माण के लिए एमओयू होने पर स्थानीय लोगों ने बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय का आभार व्यक्त किया। मंगलवार को एक्सप्रेस पब्लिकेशन एवं बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के बीच इस सम्बंध में समझौता ज्ञापन(एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ऊखीमठ में स्थित ओंकारेश्वर मंदिर का कोठा भवन विगत 25 वर्षों से जीर्णशीर्ण बना हुआ है।

## स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की

नई टिहरी। हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल टीम ने चंबा ब्लॉक के नकोट, छाती और कोठी गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 81 लोगों के स्वास्थ की जांच कर उन्हें निशुल्क दवा दी। टीम ने लोगों को साफ सफाई रखने के प्रति जागरूक भी किया। मेडिकल यूनिट में शामिल डॉक्टर मनु बाला ने कहा कि स्वास्थ रहने के लिये व्यक्ति को दिनभर में कम से कम तीन लीटर पानी पीना जरूरी है साथ ही स्वच्छ और पोष्टिक भोजन करना चाहिए। फाउंडेशन के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राहुल कैंतुरा ने बताया कि चंबा ब्लॉक के अंतर्गत फाउंडेशन की चार मोबाइल मेडिकल वैन चलाई जा रही है, जो ब्लॉक के करीब 104 गांवों के ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा देने के साथ लोगों को स्वास्थ्य प्रति जागरूक कर रही हैं।

# डाकपत्थर बैराज मैदान बनेगा राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम

विकासनगर। डाकपत्थर बैराज मैदान के राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की उम्मीद जगी है। जल्द ही बैराज मैदान राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए बुधवार को विधायक मुन्ना चौहान ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मैदान का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विधायक ने बताया कि बैराज मैदान के दोनों हिस्सों को राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम के तौर पर विकसित किया जाएगा। सात एकड़ के क्षेत्रफल में मैदान का एक हिस्सा है, जबकि दूसरा हिस्सा करीब आठ बीघा में फैला है। दोनों हिस्सों को मिलाकर मैदान में क्रिकेट पिच, फुटबाल ग्राउंड, एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं के लिए–अलग अलग पैच तैयार किए जाएंगे। इसके साथ ही मैदान के चारों ओर दर्शक दीर्घा बनाई जाएगी। मैदान के आठ बीघा वाले हिस्से में में इंडोर स्टेडियम तैयार किया जाएगा। जिसमें टेबल टेनिस, बेडमिंटन, पोलो समेत सभी इंडोर गेम्स की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। विधायक ने सभी संबंधित अधिकारियों को जल्द कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए हैं।जमनीपुर में ग्रामीणों की समस्या सुनीं

विधायक ने बुधवार शाम को जमनीपुर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी। चौपाल में मौजूद अधिकारियों को सभी समस्याओं का निर्धारित समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। चौपाल में ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण, संपर्क मार्ग निर्माण, बिजली, पानी की समस्याएं विधायक के सामने रखी। विधायक ने कहा कि सभी समस्याओं का निर्धारित समय पर निस्तारण कर दिया जाएगा। इस दौरान ममता डोगरा, मल्ला राम, छेदी राम भारती, नीलम चौहान, लता डोगरा, सरोज देवी, अनिता देवी आदि मौजूद रहे।

# युवाओं के भविष्य को लेकर प्रदेश सरकार संवेदनशीलः पाठक

नई टिहरी। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम युवाओं के भविष्य को लेकर पूरी तरह से संवेदनशील हैं।

युवाओं के भविष्य के साथ कुठाराघात न हो इसके लिए सख्त ऐतिहासिक नकल विरोधी कानून लेकर आये हैं। हनी पाठक जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि युवाओं के हितों के प्रति प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से समर्पित है। परीक्षाओं में धांधली करवाने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। इसके लिए सख्त नकल विरोधी कानून में आजीवन करावास और 10 करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। सीएम धामी ने युवाओं को भविष्य को मजबूत करने के लिए सीएम उत्थान योजना की शुरूवात की है।




जिसमें युवाओं को मेडिकल, इंजीयरिंग व प्रशासनिक सेवाओं के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था दी जायेगी, गरीब तबके छात्रों को भी अपनी प्रतिभा को दिखाने का पूरा मौका मिलेगा। युवाओं को लेकर की जानी वाली राजनीति को लेकर हनी पाठक ने विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा ने युवाओं के भविष्य को देखते हुए परीक्षा के घपलेबाजों पर लगातर कार्यवाही की है।

## कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ बीमा कर्मचारियों का धरना

देहरादून। जनरल इंश्योरेंस इम्प्लाई ऑल इंडिया एसोसिएशन की देहरादून यूनिट ने कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ देहरादून में प्रदर्शन किया। बुधवार को एसोसिएशन से जुड़े लोग राजपुर रोड स्थित जय प्लाज में जुटे और सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के संयुक्त सचिव विक्रम सिंह कुमाईं ने बताया कि सरकार ने केपीआई लागू इसके बैंचेज बंद कर दी हैं, जबरदस्ती कर्मचारियों के ट्रांसफर किए जा रहे हैं। जिसके चलते 15 दिनों से प्रीमियम भी नहीं भरा जा चुका है। उन्होंने सरकार से तत्काल केपीआई को निरस्त करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान प्रदेशभर से आए कर्मचारी धरने पर बैठे।

# निम्बस और महाकाल स्पोर्ट्स एकेडमी की जीत

देहरादून। जिला क्रिकेट लीग में निम्बस क्रिकेट एकेडमी ने 36 रन और महाकाल स्पोर्ट्स एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड ने आठ विकेट से अपने–अपने मुकाबले जीते। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव विजय प्रताप मल्ल ने बताया कि जीएसआर क्रिकेट एकेडमी में बुधवार को ए–डिविजन का पहला मुकाबला निम्बस क्रिकेट एकेडमी और जीएसआर क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। निम्बस ने 35.3 ओवरों में सभी विकेट खोकर 177 रन बनाए। इसमें हर्षवर्धन ने सर्वाधिक 41 रन की पारी खेली। जेएसआर के लिए उत्तकर्ष ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएसआर एकेडमी 141 रन पर ऑल आउट हो गई। निम्बस एकेडमी के लिए अग्रिम ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए। दूसरा मैच बी डिविजन का महाकाल स्पोर्ट्स एकेडमी और हिमालयन क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमालयन एकेडमी ने निर्धारित ओवरों में 247 रन का लक्ष्य दिया।

## पीठसैंण में बच्चों के लिए बनेगा हॉस्टल

**पौड़ी** : भाजपा की पाबौ मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने हिस्सा लिया।

बुधवार को आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि डा. धन सिंह रावत ने कहा कि पीठसैंण में गरीब बच्चों के लिए हॉस्टल बनाया जाएगा। इन बच्चों का सारा खर्चा सरकार उठाएगी। कहा कि प्रधानमंत्री पद पर नरेंद्र मोदी का होना सभी का सौभाग्य है। कहा कि विकास करना हमारा लक्ष्य है। संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य सभी का उद्देश्य होना चाहिए। कहा कि प्रदेश में आंगनबाड़ियों को मार्डन आंगनबाड़ी बनाया जाएगा। प्रदेश में 1500 मॉर्डन स्कूल बनाए जा रहे है। कहा कि पाबौ को खूबसूरत नगर बनाया जाएगा। उन्होंने लोगों से स्वरोजगार की तरफ बढ़ते हुए अन्य लोगों को भी रोजगाद देने पर जोर दिया। बैठक में पाबौ मंडल प्रभारी एवं जिला मीडिया प्रभारी गणेश भटट, पाबौ मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह भंडारी आदि शामिल थे।

# गजब: बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे नगर निगम के वाहन

### नगर निगम के अधिकांश वाहनों पर नहीं लगी है नंबर प्लेट, फर्राटा भर रहे वाहनों से हर समय बना है दुर्घटनाओं का खतरा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : इसे नगर निगम का तानाशाही रवैया ही कहा जाएगा कि निगम के वाहन सड़कों पर बगैर पंजीकरण के दौड़ रहे हैं। नगर निगम ने कई वाहनों की नंबर प्लेट में पंजीकरण संख्या दर्ज करने के बजाए नगर निगम लिखा गया है। हालत यह है कि वर्षों पूर्व खरीदे गए वाहनों का आज तक पंजीकरण नहीं करवाया है। नतीजा, बिना नंबर प्लेट सड़कों पर फर्राटा भर रहे इन वाहनों से हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

वर्तमान में नगर निगम के पास 16 छोटा हाथी वाहन, चार ट्रैक्टर–ट्रॉली, दो डंपर, दो जेसीबी व दो टाटा वाहन मौजूद हैं। इन सभी वाहनों को खरीदे हुए तीन वर्ष से अधिक का समय हो चुका है। लेकिन, आज भी पचास प्रतिशत वाहन बिना रजिस्ट्रेशन सड़क पर फर्राटा भर रहे हैं। निगम के टाटा वाहनों के साथ ही कई अन्य वाहनों का बीमा तक नहीं हुआ है। यही नहीं, ढाई वर्ष पूर्व नौ लाख रुपये की लागत से खरीदे गए स्काई लिफ्ट वाहन का भी नगर निगम ने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है।

नंबर प्लेट की जगह वाहनों का लाल स्याही से नगर निगम लिखा गया है। चौंकाने वाली बात तो यह है कि आमजन को नियमों का पालन करवाने वाली यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की टीम भी निगम की लापरवाही को देख आंखें मूंद रही है। जिम्मेदार सिस्टम ने आज तक निगम के वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

### यह है नियम

मोटर वाहन एक्ट के तहत किसी भी वाहन की खरीद के एक माह के भीतर उसका परिवहन विभाग में पंजीकरण करवाना आवश्यक है। यदी इसके बाद नियमों का उल्लंघन होता है तो वाहन को सीज करने का नियम है। लेकिन, नगर निगम खुलेआम मोटर वाहन एक्ट के इन नियमों का खुलेआम मखौल उड़ा रहा है। ऐसे में यदी कोई बड़ी दुर्घटना होगी तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। यह बड़ा सवाल है।



कोटद्वार में बिना नंबर प्लेट खड़ा निगम का वाहन

नियमानुसार वाहन खरीदने के एक माह के भीतर वाहन को परिवहन विभाग में पंजीकृत करवाना अनिवार्य है। सरकारी वाहनों से कोई टैक्स नहीं लिया जाता है। उनसे सिर्फ पंजीकरण शुल्क ही लिया जाता है। बिना पंजीकृत वाहन के सड़क में दौड़ाना अपराध है।

**...प्रदीप रौथाण, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (तकनीकि), कोटद्वार**

## मोटर मार्गों में सुरक्षा संबंधी कार्यों पर रखे ध्यान


पौड़ी में अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी

**पौड़ी** : जिला खनिज फाउंडेशन प्रबंधक समिति की बैठक में डीएम ने खनन प्रभावित क्षेत्रों के मोटर मागी पर सुरक्षा संबंधी कार्यों सहित सतपुली क्षेत्र के बड़खोलू पुल को प्रस्ताव में शामिल करने के निर्देश दिएबुधवार को बैठक में डीएम डा. आशीष चौहान ने पटल प्रभारी को खनन प्रभावित क्षेत्रों से संबंधित प्रस्तावों को खनन न्यास में शामिल करने के निर्देश दिए। कहा कि कोटद्वार, श्रीनगर व पौड़ी नगर क्षेत्रों के इण्टर कालेजों की लेब को निजी स्कूलों की तर्ज पर विकसित कर इन स्कूलों के प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर दिए जाए। डीएम ने जिले में कीवी उत्पादन को बढावा देने, आवश्यक स्थानों, कस्बो में सोलर लाइट लगाने, मुख्य स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, आवारा श्वान पशुओं के लिए आश्रय स्थल निर्माण आदि कार्यो के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में खनन न्यास अधिकारी रवि नेगी, सीएमओ डा. प्रवीण कुमार, सीईओ डा. आनंद भारद्धाज, अधिशासी अभियंता लोनिवि दुगड्डा डीपी सिंह, पौड़ी डीपी नौटियाल, एसडीओ विद्युत राजेंद्र प्रसाद नौटियाल, अधिशासी अभियंता सिंचाई अजय आदि शामिल थे।

# किरन व अंकिता को दी श्रद्धांजलि, सतपुली पहुंची न्याय यात्रा


सतपुली बाजार में पहुंची न्याय यात्रा

**कोटद्वार/सतपुली** : किरन नेगी व अंकिता भण्डारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर मातृभूमि सेवा पार्टी द्वारा पूरे उत्तराखंड में न्याय यात्रा निकाल रही है। मंगलवार देर शाम को यात्रा सतपुली में पहुंची। जहां स्थानीय लोगों ने अंकिता व किरन को श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिल्ली के चित्तई मंदिर से प्रारंभ की गई यात्रा मंगलवार देर शाम सतपुली पहुंची। सतपुली चौराहे में लोगों के द्वारा दोनों बेटियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। यात्रा ने पूरे सतपुली बाज़ार का भ्रमण कर लोगों से किरन नेगी और अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने को लेकर लोगों से इस मुहीम में जुड़ने की अपील की।

यात्रा में शामिल किरन नेगी के पिता कुंवर सिंह नेगी ने बताया कि जिस तरह से उनकी बेटी को 11 सालों से न्याय नही मिल पाया है। इससे से दुखद क्या हो सकता है और वहीं इसी तरह के हालात अंकिता भंडारी के साथ न हो इसलिए वो इस न्याय यात्रा में शामिल हुए हैं। यात्रा 19 फरवरी को दिल्ली से शुरू हुई और यह न्याय यात्रा 2 मार्च को अल्मोड़ा के प्रसिद्ध गोल्ज्यू देवता, जिसे न्याय का देवता कहा जाता है वहाँ जाकर समाप्त होंगी। यात्रा में सुधीर नेगी राष्ट्रीय अध्यक्ष, कमल ध्यानी महासचिव, महावीर फर्सवाण सचिव, जितेन्द्र नेगी, राजेश चौहान मौजूद रहे।

## दुकान से चप्पल चोरी में पकड़ा तो युवकों ने दुकानदार को ही पीट डाला

ऋषिकेश। वीरभद्र क्षेत्र में एक दुकान से छह युवकों ने पहले, तो चप्पल चोरी की। भागने के दौरान दुकान मालिक ने उन्हें पकड़ लिया, तो युवकों ने उसकी धुनाई कर दी। जख्मी हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायत पर पुलिस ने एक युवक को नामजद करते हुए छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक चेतन पुत्र सुरेश कुमार निवासी आईडीपीएल, ऋषिकेश ने शिकायत दी। बताया कि उसकी वीरभद्र क्षेत्र में दुकान है। सोमवार को छह युवकों ने उसकी दुकान से चप्पलें चोरी कर ली। चोरी करते हुए देखने पर दुकानदार ने उनका पीछा किया और पकड़ लिया। आरोप है कि पकड़ने पर युवकों ने उसे पीट दिया। गंभीर चोटें लगने पर वह मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने व्यापारी को अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़े युवा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : युवा केंद्र पौड़ी गढ़वाल (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय) की ओर से राजीय महाविद्यालय पाबौ में करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अकरम अली ने युवाओं को करियर काउंसलिंग पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि प्रत्येक युवा में विशेष योग्यता होती है, बस जरूरत है उसे समय से पहचानना और उसके अनुरूप अपने कैरियर का निर्धारण करना। साथ ही उन्होने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अपने पढ़ाई के साथ ही समय निकालेंगे, तभी भविष्य में सफलता अर्जित कर पायेंगे। उनके द्वारा युवाओं को विधिक साक्षरता पर कहते हुए टैली लॉ ऐप की जानकारी दी।। बताया कि युवा इस ऐप के माध्यम से न्याय संबन्धी जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि डॉ सत्य प्रकाश शर्मा, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय पाबौ ने कहा कि युवा अपना करियर दो प्रकार से बना सकता है, एक का उद्देश्य आजीविका चलाना तथा दूसरा स्वयं अंदर की योग्यता, प्रतिभा, रुचि व पूर्ण निष्ठा को पहचानकर उससे अपना करियर सुनिश्चित करना। युवावस्था ही करियर मार्गदर्शन का उचित समय है। जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने कहा कि प्रत्येक युवा ने अपने शैक्षिक योग्यता प्राप्ति के समय से ही लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए परिश्रम करना चाहिए। उन्होने बताया कि युवावस्था में युवा करियर को लेकर भ्रमित रहता है, इसीलिए भारत सरकार ऐसी कार्यशालाओं के माध्यम से युवाओं का मार्गदर्शन करने का प्रयास कर रही है। राजकीय महाविद्यालय पाबौ की प्रवक्ता सुनीता चैहान ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी आप अपना भविष्य निर्धारित कर सकते हैं, साथ ही उन्होने इस क्षेत्र में कैसे तैयारी की जाएं यह जानकारी भी दी। स्वरोजगार के क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रगतिशील किसान,चैड़ मल्ला पाबौ के वीरेन्द्र सिंह नेगी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होने परम्परागत खेती को नये अनुसंधान से विकसित कर जैविक खाद का प्रयोग कर बागवानी तथा कृषि में उम्मीद से अधिक लाभ अर्जित कर अपना स्वरोजगार का माध्यम बनाया और आज पहाड़ी अनाजों, साग–सब्जी तथा फल का उत्पादन कर क्षेत्रीय बाजार में समीति द्वारा पहुचाया जा रहा है, जिससे स्थानीय ग्रामीण स्वास्थ्यवर्धक आहार ले रहें हैं, साथ ही आज कृषि भी स्वरोजगार के क्षेत्र में करियर का एक बेहतर विकल्प है। कार्यक्रम का संचालन योगम्बर पोली ने किया। इस मौके पर विनोद कुमार, सुनील बडोनी, डॉ. तनुजा रावत, डॉ. सरिता, नूतन बड़थ्वाल, वंदना बहुगुणा, राकेश कठैत आदि मौजूद रहे।


करियर काउंसलिंग कार्यशाला में भाग लेते युवा

# अब राष्ट्रीय पार्टियों के बहकावे में नहीं आएगी जनता

### उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से आयोजित की गई बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड क्रांति दल ने मजबूती के साथ जन समस्याओं को उठाने का निर्णय लिया है। कहा कि अब जनता राष्ट्रीय पार्टियों के बहकावे में नहीं आने वाली। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं ने उत्तराखंड क्रांति दल का दामन थामा

पदमपुर में उक्रांद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दो दर्जन से अधिक लोगों ने उक्रांद की सदस्यता ग्रहण की। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध कण्व नगरी कोटद्वार निर्माण के लिए संघर्ष कर रहा है। कहा कि राज्य सरकार की दबंगई और विवेक हीनता के कारण जनभावनाओं के विपरीत कोटद्वार को नगर निगम बनाया गया ,जिसका खामियाजा कोटद्वार –भाबर –सनेह की जनता भुगत रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम बनाने से सरकार ने टैक्स का डंडा जनता के ऊपर थोप दिया है और विकास के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ। कपरवाण ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि गत 10 वर्षों से मोटर नगर निर्माण अधूरा पड़ा है, कूड़े का निस्तारण नहीं हुआ ,निगम आय बढ़ाने वाला कण्व आश्रम को पर्यटन के रूप में विकसित नहीं किया गया, नगर निगम आय के साधन जोड़ने में असफल रहा , जंगली जानवरों से गांवों की रक्षा के प्रबंध नहीं किए गए। कहा कि भावर –सनेह के 73 गांव वासियों को पहले जो ग्रामीण विकास हेतु योजनाएं और अनुदान मिलती थी वह अब बंद हो गई है। शहरी विकास विभाग ने कोई नई विकास योजनाएं यहां के लिए आरंभ नहीं की हैं। कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल महानगर की जनता के शिक्षा, स्वास्थ्य, पेय जल, बिजली की पर्याप्त उपलब्धता व स्वच्छ निर्माण करने के लिए संघर्ष कर रहा है। इस अवसर पर यूकेडी में सम्मिलित होने वाले सुखदेव शास्त्री ने कहा कि यूकेडी आम लोगों की समस्याओं के निराकरण हेतु संघर्ष करने वाली पार्टी है। इसलिए लोगों को यूकेडी में सम्मिलित होना चाहिए। लक्ष्मी बिष्ट ने महिलाओं से अपील की कि यूकेडी के नेतृत्व में महिलाओं ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन का संघर्ष किया और आज उत्तराखंड बचाने के लिए भी महिलाओं को आगे आना चाहिए। सेवानिवृत्त सूबेदार बलवीर सिंह बिष्ट ने भूतपूर्व सैनिकों से यूकेडी में सम्मिलित होकर पहाड़ के विकास में आगे आने की अपील की। इस मौके पर लक्ष्मी बिष्ट, धर्मेंद्र आर्य कल्पना रावत, विजयलक्ष्मी भारती, बलवीर सिंह बिष्ट, रीना आर्य, गजे सिंह रावत, मालती रावत, रीता रावत, सत्यवती देवी, सरोज देवी, सावित्री देवी, सुरेश चंद्र, विजयलक्ष्मी, उर्मिला रावत आदि थे।


उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक में मौजूद सदस्य

# उन्नत प्रगतिशील कृषकों को किया सम्मानित

### द्वारीखाल ब्लाक में आयोजित की गई कृषक उन्नयन गोष्ठी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : द्वारीखाल ब्लॉक में पहाड़ के उन्नत प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने ग्रामीणों को खेती के प्रति जागरूक किया। कहा कि खेती से जुड़कर ग्रामीण अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकते हैं।

विकासखंड मुख्यालय में आयोजित कृषक गोष्ठी का ब्लाक प्रमुख महेंद्र राणा ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पहाड़ के बेहतर विकास के लिए खेती आवश्यक है। ग्रामीणों को खेती से जुड़कर विकास में अपना योगदान देना चाहिए। खेती से जुड़कर ग्रामीण अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकते हैं। बेहतर खेती होने के बाद पहाड़ों से पलायन पर भी रोक लगेगी। कहा कि पहाड़ी उत्पाद स्वाद के साथ स्वास्थ्य के लिए भी संजीवनी हैं। यही कारण है कि पूरे देश में पहाड़ी उत्पादों की डिमांड भी बढ़ने लगी है। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने उन्नत प्रगतिशील कृषकों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। कहा कि पहाड़ के बेहतर विकास के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस मौके पर विकासखण्ड प्रभारी संजय श्रीवास्तव, रमेश कठैत, मुकेश कुमार, अमित गौड़, अन्यंन बहुखंडी, रवींद्र रावत, अर्जुन सिंह नेगी, कुलभुषण, यशपाल सिंह, राजेश बिष्ट आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन बिष्ट ने किया।


द्वारीखाल में उन्नत प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित करते ब्लाक प्रमुख।

# एनएसपी ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के दिये निर्देश

**पौड़ी** : एसएसपी पौड़ी ने बुधवार को पुलिस कार्यालय पौड़ी की प्रधान लिपिक शाखा और आंकिक शाखा का वार्षिक निरीक्षण किया। एसएसपी ने पुलिस परिवार के मृतक आश्रितों के परिजनों की पेंशन, नौकरी व अन्य समस्याओं के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए।बुधवार को एसएसपी श्वेता चौबे ने पुलिस कार्यालय पौड़ी की प्रधान लिपिक शाखा व आंकिक शाखा का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी ने लंबित प्रारम्भिक जांचों, दण्ड आदि से संबंधित सभी पत्रावलियों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण के निर्देश दिए। एसएसपी ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति के मामले जल्द निपटाने, कर्मचारियों के लंबित टीए डीएम, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, एरियर, निर्माण कार्यों संबंधी बिलों का जल्द भुगतान करने के निर्देश दिए।


पौड़ी में प्रधान लिपिक शाखा का निरीक्षण करती एसएसपी

## परिवहन मंत्री से की केराड़ बस सेवा शुरु करने की मांग

विकासनगर। तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों ने केराड़ बस सेवा शुरू करने की मांग परिवहन मंत्री से की है। इस आशय का ज्ञापन ग्रामीणों ने बुधवार को परिहवन मंत्री को प्रेषित किया। ज्ञापन में बताया कि वाया चकराता, केराड़ से कथियान तक परिवहन निगम की बस का संचालन होता था, जिसे एक वर्ष पूर्व बंद कर दिया। जबकि 38 किमी लंबे दारागाड–कथियान मोटर मार्ग से दो दर्जन से अधिक गांव जुड़े हुए हैं। इन गांवों के ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय, तहसील मुख्यालय, जिला मुख्यालय जाने के लिए कोई साधन मुहैया नहीं होता है।

# विनोद कुकरेती की पुण्यतिथि पर दिव्यांगों को दी सामग्री

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से पूर्वी झंडीचौड़ स्थित भारती देवी एजुकेशनल ट्रस्ट संचालित दिव्यांग विद्यालय में पूर्व प्रधानाचार्य व समाज सेवी स्व. विनोद कुकरेती की प्रथम पुण्य तिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्व. विनोद कुकरेती के स्वजनों की ओर से विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र–छात्राओं को स्कूल बैग और जूते सहित अन्य पाठ्य सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेंद्रलाल आर्य ने कहा कि स्व. विनोद कुकरेती बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे और सामाजिक सरोकारों में सक्रिय रूप से भूमिका निभाते थे।

कहा कि शोषितों और वंचितों की सेवा के लिए वे हमेशा तत्पर रहते थे। कहा कि सामाजिक क्षेत्र में दिया गया कुकरेती का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सदैव सामाजिक हितों को लेकर कार्य किया। संगठन अध्यक्ष पी एल खंतवाल ने स्व. विनोद कुकरेती द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। कार्यक्रम में सरोजनी कुकरेती, अनुराग कुकरेती, रमेश कुकरेती, वीना कुकरेती, रिपुदमन सिंह,जयवीर सिंह, सुखपाल शाह, जे पी ध्यानी और केसर सिंह चौहान आदि थे।


कोटद्वार में दिव्यांगों को सामग्री वितरित करते संगठन के सदस्य

# बलीनगर में झूलते तार से वार्डवासियों की जान को खतरा



सितारगंज। नगर के बलीनगर मोहल्ले में विद्युत पोल नहीं होने के कारण 350 परिवारों के सिर पर हाईटेंशन विद्युत तार मौत बनकर झूल रहे हैं। जिससे दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। वार्डवासियों की सूचना पर सभासद रवि रस्तोगी ने मौके पर पहुंचकर ऊर्जा विभाग के अधिशासी अधिकारी से समस्या के निदान की मांग की। शहर के वार्ड नंबर 10 में बलीनगर बस्ती है। यहां करीब 350 परिवार रहते हैं। बिजली के खंभे नहीं होने से बस्ती में विद्युत तार घरों की छत सड़कों पर मकड़जालों की तरह फैले हुए हैं। जिसमें हमेशा स्पार्किंग भी होती रहती है गर्मियों के मौसम में तार अक्सर टूट जाते हैं। बुधवार को सभासद रवि रस्तोगी को वार्डवासियों ने झूलते विद्युत तारों की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विद्युत के झूलते तारों के कारण दहशत फैली हुई है। हमेशा जनहानि का अंदेशा बना रहता है। सभासद रवि रस्तोगी ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता चंदन सिंह बसनेत को फोन कर समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कई वर्षों से वार्ड वासी बिजली के खंभों की मांग कर रहे हैं। लेकिन विद्युत पोल नहीं लगाए गए हैं। जिस वजह से हाईटेंशन विद्युत के तार आबादी के सिर पर झूल रहे हैं। अधिशासी अभियंता चंदन सिंह ने बताया कि जल्द ही विद्युत पोल लगाकर विद्युत तारों को व्यवस्थित किया जाएगा।

### एसएसबी का रिवर राफ्टिंग अभियान आज से होगा शुरू

पिथौरागढ़। एसएसबी 55वीं वाहिनी काली नदी में जौलजीबी से लेकर बूम रेंज टनकपुर तक रिवर राफ्टिंग अभियान चलाएगी। इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। एसएसबी के कमांडेंट सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल रानीखेत के निर्देशन में 23 से 26 फरवरी तक रिवर राफ्टिंग की जाएगी। इस दौरान जनजागरूकता अभियान सीमावर्ती क्षेत्र में चलाया जाएगा। इसका शुभारंभ एसएसबी के महानिरीक्षक केचांस के सिंह जौलजीबी से करेंगे। शर्मा ने कहा की रिवर राफ्टिंग में सीमांत एसएसबी मुख्यालय के अंतर्गत आने वाली 05वीं, 11वीं, 39वीं, 49वीं, 55वीं व 57वीं सीमांत इकाइयों के साथ ही लखनऊ पटना, सिलीगुड़ी, गुवाहाटी, तेजपुर, सहित सीमा सुरक्षा बल के विशेष प्रचालन क्षेत्र जम्मू से आये कार्मिक भाग लेंगे। शुभारंभ के अवसर पर अजय पाण्डेय द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ अतुल बांडेबुचे, उप कमांडेंट मनोज कुमार राम मौजूद रहेंगे।

# हल्द्वानी में 6 घंटे बिजली गुल, पानी सप्लाई भी लड़खड़ाई



हल्द्वानी। मेंटेनेंस के नाम पर रोजाना घंटों हो रही बिजली कटौती का सिलसिला थमने नहीं रहा है। बुधवार को बिठौरिया और मुखानी फिटर से जुड़े इलाकों में दिन में करीब छह घंटे बिजली गुल रही। इससे हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा हल्द्वानी के अन्य क्षेत्रों में बिजली का संकट बना रहा। पिछले करीब एक माह से ऊर्जा निगम लाइनों को ठीक करने के नाम पर घंटों कटौती कर रहा है। मंगलवार देर रात बारिश के दौरान शहर के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली गुल रही थी। वहीं बुधवार सुबह करीब 11 बजे कालाढूंगी रोड के इलाकों में बिजली गुल हो गई। शाम पांच बजे तक सप्लाई बंद रही। बिजली न होने से लोगों को परेशानी हुई और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित रहीं। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों के नलकूप भी ठप रहे। इससे बिलजी के साथ पानी का संकट लोगों ने झेला। जल संस्थान के अधिकारी रोजाना गुल हो रही बिजली से करीब 40 फीसदी पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की बात कह रहे हैं। इधर, उर्जा निगम के अधिकारियों का तर्क है कि गर्मियों की तैयारी के लिए लाइनों में काम किया जा रहा है।

पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार कटौती की गई थी। बिजली की सप्लाई के जरूरी कामों को विभाग द्वारा किया गया।

# डीएम के जनता दरबार में उठाईं समस्याएं

हल्द्वानी। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल के जनता दरबार में ओखलकांडा ब्लॉक के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी का मामला उठा। इस दौरान बताया गया कि क्षेत्र के 60 से अधिक स्कूल एकल शिक्षक के सहारे चल रहे हैं।

जबकि हल्द्वानी व आसपास के स्कूलों में कम छात्र संख्या के बावजूद मानक से अधिक शिक्षक तैनात हैं। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनता दरबार में पहुंचे ओखलकांडा स्थित ग्राम पंचायत भुमका के प्रधान मुकेश चन्द्र बौद्ध ने सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के मुताबिक बताया कि उनकी ग्राम पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भुमका में 40 विद्यार्थियों पर मात्र एक शिक्षक हैं। जबकि हल्द्वानी व आसपास के विद्यालयों में 20 छात्र संख्या वाले विद्यालयों में 3 से 4 शिक्षक तैनात हैं। उन्होंने जिले के दुर्गम क्षेत्रों में विद्यालयों में मानक के मुताबिक शिक्षकों की तैनाती करने की मांग की।

गौजाजाली निवासी एचएच खान ने क्षेत्र के नालों की सफाई न होने व प्लाटों में पड़े कूड़े की सफाई नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई। अधोड़ निवासी हरीश महरा ने मनरेगा के तहत गांव में बने मत्स्य पालन टैंक के निर्माण में अनियमितता, रतनपुर की ग्राम प्रधान सुधा देवी ने बिजली के झूलते तारों की समस्या, ग्राम प्रधान डीकर सिंह मेवाडी ने ग्राम पंचायत ककोड़ हरीशताल मुख्य मार्ग में गड्ढे आदि की शिकायत दर्ज कराई। मानपुर पश्चिम क्षेत्रवासियों ने प्राचीन शिव मन्दिर के समीप बार खोले जाने, बिठौरिया निवासी पूर्व सैनिक विक्रम सिंह मकान पर एक व्यक्ति द्वारा कब्जा करने का मामला उठाया। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने इन्दिरानगर निशाद स्कूल के सामने नाले की सफाई नहीं होने से बीमारी फैलने की शिकायत दर्ज कराई। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, अपर मुख्य अधिकारी डॉ. रश्मि पंत, मुख्य नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, उपजिलाधिकारी मनीष कुमार, अधिशासी अभिन्यता अशोक चौधरी मौजूद रहे।

### सोमेश्वर में एनएसएस स्वयं सेवियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

अल्मोड़ा। हुकुम सिंह बोरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोमेश्वर का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत उप जिला चिकित्सालय सोमेश्वर के डॉ आनंद तिवारी एवं डॉ गोपाल गोस्वामी ने शिविरार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। दैनिक दिनचर्या के साथ स्वास्थ्य पर ध्यान देने और स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। डॉ तिवारी ने जल जनित रोगों के बारे में विस्तार से बताया। एवं अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राकेश पांडे ने की। डॉ पुष्पा भट्ट ने स्वयं सेवियों द्वारा किए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

# हल्द्वानी रैली में बागेश्वर से एक हजार से अधिक कर्मचारी होंगे शामिल




बागेश्वर। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की बैठक में हल्द्वानी में 26 फरवरी को आयोजित रैली को सफल बनाने पर मंथन किया गया। बैठक के बाद संगठन से जुड़े लोगों ने पत्रकारों से अपने आंदोलन की रणनीति साझा की। वक्ताओं ने बताया कि रैली में बागेश्वर से एक हजार से अधिक कर्मचारियों के पहुंचने का लक्ष्य रखा है। प्रकटेश्वर मंदिर में हुई पत्रकार वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन उत्तराखंड के बैनर तले हल्द्वानी में रैली होगी। 26 फरवरी को रैली सुबह 11 बजे वाटिका वैंकट हॉल से एसडीएम कार्यालय तक जाएगी। दो बजे तक कार्यक्रम चलेगा। उन्होंने 2004 के बाद नियुक्त 86 हजार अधिकारी कर्मचारी, शिक्षक एक सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन को बाध्य होंगी। वर्तमान में जो एनपीएस योजना के तहत सेवानिवृत्त हो रहे हैं उन्हें एक हजार से तीन हजार की पेंशन बन रही है। पुरानी पेंशन को लेकर आंदोलन जन–जन तक पहुंचाया जाएगा। पुरानी पेंशन योजना 1886 से लागू है। उन्होंने सभी से आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। इस मौके पर नरेंद्र पालनी, प्रकाश टाकुली व हरेंद्र रावल आदि मौजूद रहे।

# काशीपुर में अधिवक्ताओं ने काम बंद रखकर प्रदर्शन किया



काशीपुर। बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय चौधरी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने बुधवार को एसडीएम कोर्ट, तहसील व रजिस्ट्री कार्यालय में पूर्ण रूप से काम बंद रखकर प्रदर्शन किया। बार अध्यक्ष ने कहा कि जब तक 210 एलआर एक्ट के मामले में समस्या का पूर्ण रूप से समाधान नहीं हो जाता, तब तक अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहेगा।

यहां सचिव प्रदीप चौहान, उपाध्यक्ष ताजबर अब्बास नकवी, उप सचिव अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष सनत पैगिया, आय–व्यय निरीक्षक भास्कर त्यागी, पुस्तकालय अध्यक्ष कैलाश बिष्ट, प्रेस प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, रहमत अली खान, आनंदस्वरूप रस्तोगी, धर्मेंद्र तुली, रामकुमार चौहान आदि मौजूद रहे।

**बाजपुर में भी न्यायिक कार्यो से विरत रहे**

बाजपुर। बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता बुधवार को काशीपुर बार के समर्थन में न्यायिक कार्यों से विरत रहे। उन्होंने एसडीएम के माध्यम से मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की।बार अध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें बार अध्यक्ष ने कहा कि काशीपुर बार द्वारा एलआर एक्ट की धारा 210 से संबंधित दावों की सुनवाई के संबंध में मिलने का समय लेने के बाद भी डीएम द्वारा मिलने से मना कर दिया गया।

इसी से नाराज अधिवक्ताओं ने एसडीएम कोर्ट, तहसील तथा चकबंदी कार्यालय का बहिष्कार किया था। बाजपुर बार के अधिवक्ता भी समर्थन करते हुए न्यायिक कार्यों से विरत रहे। यहां सूरज शर्मा, हीरा शर्मा, सज्जाद अली, सरफराज, सूरज सागर, विवेक चौबे, जरनैल सिंह, अशोक कांबोज, मुकेश कुमार, शोएब खान, अभिलाष शर्मा, मोहित शर्मा, योगेश पाठक आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### युवक पर तलवार से जानलेवा हमला


काशीपुर। क्षेत्र के एक युवक पर कुछ लोगों ने तलवारों व डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। कोतवाली पुलिस नें पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। काशीपुर के मोहल्ला किला निवासी अमित शर्मा ने तहरीर देकर कहा कि 20 फरवरी की रात उसके मोबाइल पर संजीव शर्मा का कॉल आई। उसने काम के बहाने उसे घर के बाहर गली में आने को कहा। जैसे ही वहां पहुंचा तो गली में संजीव के साथ एक–दो लोग तलवार व डंडे लेकर खड़े थे। जाते ही आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया।

# चिटफंड कंपनी ने खातेदारों के 45 लाख रुपये हड़पे



हल्द्वानी। चिटफंड कंपनी के संचालक ने लोगों के खाते खुलवाए। अच्छी ब्याज के साथ रकम वापसी का सपना दिखाकर खातेदारों से लाखों रुपये जमा कराए। तय अवधि के बाद जब लोगों ने अपनी रकम वापस मांगनी चाही तो संचालक ने अपना फोन स्विच ऑफ कर दिया है। इतना ही नहीं जिन एजेंटों के माध्यम से खाते खुलवाए उनका भी फोन नहीं उठाया जा रहा है। करीब 45 लाख रुपये हड़पने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हफ्ते भर में लोगों के पैसे हड़पने से संबंधित यह दूसरा मामला है। इससे पहले मुखानी थाने में ईसाई नगर निवासी भीम चन्द्र ने केस दर्ज कराया था। राजारानी विहार निवासी चम्पा बिष्ट ने पुलिस में दी तहरीर पर बताया कि बिठौरिया नंबर–1 निवासी अरविंद ने उनसे 2014 में जान पहचान की। खुद को विजय सोशियल सोसायटी का संचालक बताकर उन्हें अपनी कंपनी में कर्मचारी रख लिया। चम्पा बिष्ट के अनुसार उनके माध्यम से कई लोगों के खाते खुलवाकर करीब 45 लाख रुपये से ज्यादा जमा कराए।

# लामाखेड़ा गांव में बीचों-बीच हो रहा रेत का स्टॉक, हादसे की आशंका, उड़ रही धूल



सितारगंज।लामाखेड़ा ग्राम के ग्रामीणों ने एसडीएम तुषार सैनी को ज्ञापन सौंप कर अवैध रेत का स्टॉक हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि रेत का स्टॉक रखने से बड़े वाहनों का आना जाना लगा रहता है। इससे हदेलसे की आशंका बनी हुई है। साथ ही धूल उड़ने से ग्रामीण परेशान हैं।

मंगलवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों ने कहा कि गांव के बीचोबीच अवैध तरीके से रेत रखी जा रही है। इस कारण गांव में ट्रक, डंपर आदि बड़े वाहनों का आना जाना लगा रहता है। इस कारण हादसे की आशंका बनी रहती है।

साथ ही इन वाहनों की वजह से दिन भर धूल उड़ती रहती है। जिससे ग्रामीणों में बीमारी फैल सकती है। कहा कि गांव में रखी जा रही रेत को ढका नहीं गया है। जिससे रेत उड़कर लोगों के घरों तक जा रही और सांस लेने में तकलीफ हो रही है। इस मौके पर ग्राम प्रधान साधुनगर मनीष राणा, हैप्पी सिंह, गुरविंदर सिंह, राहुल भट्ट, कमल कन्याल, मनप्रीत, राधा देवी, बबलू मेहरा, निर्मला देवी, बिशन सिंह, निखिल बिष्ट, आदि मौजूद रहे।

### काली नदी की लहरों में युवाओं ने लिया राफ्टिंग का आनंद

पिथौरागढ़। सीमांत के युवाओं ने काली नदी में राफ्टिंग का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने आपदा के समय बचाव राहत की भी जानकारी ली। तीन स्कूलों के 122 छात्र छात्राओं ने राफ्टिंग की बारीकियां सीखी। कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक साहसिक पर्यटन दिनेश गुरुरानी ने कहा पर्यटन विकास परिषद प्रायोजित रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर प्रसिद्ध हंसेश्वर मठ में महंत परमानंद गिरी के नेतृत्व में हंसेशवर मठ परिसर में पौधरोपण किया गया। गुरुरानी ने कहा कि निगम के चार दिवसीय रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज जौलजीबी,राजकीय इंटर कॉलेज बगड़ीहाट,राजकीय इंटर कॉलेज अस्कोट के 122 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र–छात्राओं को हिमालय बचाओ अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम से जोड़ा गया।

# सीओ ने जांची कांडा थाने की व्यवस्था



बागेश्वर। कपकोट के पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा ने बुधवार को कांडा थाने की व्यवस्था देखी। इस दौरान उन्होंने आपदा से संबंधित उपकरणों को देखा। कार्यालय के रजिस्ट्रर आदि का अवलोकन किया। पुलिस कर्मियों को क्षेत्र के लोगों के पुलिस एप तथा आपातकालीन नंबरों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष मनवर सिंह आदि मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने व्यापारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरज गड़ि़या, भगवान भंडारी, राजेंद्र प्रसाद, हयात धपोला, महेश पंत, अशोक जोशी, मनीष कांडपाल, पवन कुमार मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को एकजुट होने की अपील




चम्पावत। पुरानी पेंशन बहाली के लिए 26 फरवरी को एनएमओपीएस के बैनर तले हल्द्वानी में आयोजित महारैली की तैयारियां को लेकर शिक्षक और कर्मचारियों ने जागरुकता कार्यक्रम संचालित किया।

एनएमओपीएस जिलाध्यक्ष गोविंद मेहता के नेतृत्व में बुधवार को उपजिला चिकित्सालय, राजस्व उप निरीक्षक कार्यालय, तहसील कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, एसडीएम कोर्ट, सिंचाई विभाग, पीएमजीवाईएस, ट्रेजरी, मीना बाजार आदि स्थानों पर पोस्टर लगाए और सभी विभागों के कर्मचारियों को एनएमओपीएस चम्पावत की टीम से जोड़ा गया। कर्मचारियों से आगामी 26 फरवरी को हल्द्वानी जाने महारैली में भाग लेने की अपील की। कर्मचारियों ने 19 फरवरी को हरियाणा के साथियों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा की। मौके पर जिला महामंत्री प्रकाश तड़ागी, अध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ चम्पावत जगदीश अधिकारी, मीडिया प्रभारी एनएमओपीएस शंकर सिंह अधिकारी, नीलम उप्रेती, नवीन पांडेय, दीपक अधिकारी, दिनेश जोशी, प्रदीप ढेक, गिरीश चंद, कैलाश फत्र्याल, दिनेश गोस्वामी, नवीन चंद, चंद्रकांत खर्कवाल आदि रहे।

### सीएम के आगमन पर भाजपाई निकालेंगे अभिनन्दन रैली

चम्पावत। सीएम पुष्कर सिंह धामी के चम्पावत आगमन की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक आयोजित की। बुधवार को नगर अध्यक्ष सुनील पुनेठा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में चम्पावत में मुख्यमंत्री के माध्यम से लगातार हो रहे विकास कार्यों के प्रति सीएम का आभार जताया।

बैठक में कार्यकताओं ने एआरटीओ कार्यालय के उद्घाटन सहित अन्य कार्यों के लिए जीआईसी चौक से गोरलचौड़ मैदान तक अभिनन्दन रैली निकालने का निर्णय लिया है। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पांडेय, ग्राम प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष मनोज तड़ागी, पूर्व प्रमुख बहादुर फत्र्याल, हेमंत जोशी रहे।

# नवीन शिक्षा सत्र में बांग्ला भाषा लागू करवाने के लिए जनजागरण अभियान शुरू



सितारगंज ।आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष और श्रीमद् भागवत कथा व्यास आचार्य रामचन्द्र राय ने एक बार फिर बांगला भाषा को नवीन शिक्षा सत्र 2023 में लागू करवाने के लिए जन जागरण अभियान शुरू करते हुए गांव गांव में पहुंचकर लोगो को बांग्ला भाषा की पुस्तक देते हुए शासन प्रशासन से लोगो को अपने स्तर से मांग करने की अपील कर रहे हैं। राम चंद्र राय अपने वाहन में बैनर पोस्टर लगाकर गांव गांव घूम रहे है जिससे लोगो को जागरूक किया जाए।उन्होंने कहा तहसीलदार से लेकर राष्ट्रपति महोदय तक उन्होंने विभिन्न माध्यमों से ज्ञापन सौंपा।उन्होंने कहा उत्तराखण्ड में निवास कर रहे बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों के प्रत्येक विद्यालय में इसी सत्र में बांग्ला भाषा लागू किया जाए एवम बंगाली समाज को आरक्षण दिया जाए।राम चंद्र राय ने कहा की न तो उन्हें इसका क्रेडिट चाहिए न किसी भी प्रकार की ख्याति बस बंगाली समाज को हक मिले। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय ने कहा यदि नवीन शिक्षा सत्र 2023 2024 में बांग्ला भाषा लागू नहीं किया जायेगा तो वे अनशन करने के लिए बाध्य होंगे,जरूरत पड़ने पर आमरण अनशन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : शहर में बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। बंदरों के हमले से अभी तक कई लोग घायल हो चुके हैं। नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने डीएफओ गढ़वाल को ज्ञापन देकर शहरवासियों को बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

बुधवार को नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने डीएफओ गढ़वाल से मुलाकात की। इस दौरान समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गबर सिंह नेगी ने कहा कि शहर में बंदरों के आतंक से लोग परेशान है।

पिछले कुछ दिनों पहले गुरुराम पब्लिक स्कूल विकास मार्ग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को बंदरों ने झपटा मार दिया था। जिससे वह गिरकर घायल को गए थे और इलाज के दौरान उनकी मौत भी हो गई। बताया कि बंदरों के आतंक से स्कूल जाने वाले बच्चों को भी स्कूल आने जाने में परेशानियां हो रही है। इसके साथ ही बंदर घरों के अंदर तक घुस रहे है और भगाने पर लोगों में हमला कर रहे हैं। कहा कि घरों में फलदार वृक्षों को भी नुकसान पहुंचा रहे है। बताया कि कुछ दिनों पहले अभियान भी चलाया गया लेकिन यह अब बंद कर दिया गया है। समिति ने शहरवासियों को बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए अभियान चलाने की मांग की है। इस मौके पर समिति की उपाध्यक्ष अनीता रावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मकान सिंह रावत, बिमल नेगी, यशोदा नेगी आदि शामिल थे।

### गायत्री महायज्ञ हुआ संपन्न

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : वैदिक आश्रम गुरुकुल महाविद्यालय कण्वाश्रम में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बुधवार को 25 हजार आहुतियों के साथ गायत्री महायज्ञ किया गया। यज्ञ में स्वामी जयन्त सरस्वती भी उपस्थित थे। ब्रहमचारी रामपाल ने भी यज्ञ संपन्न करवाने में अपना योगदान दिया।

### 48 संस्कारों पर पांच मार्च को व्याख्यान कार्यक्रम

नई टिहरी। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की ओर से आगामी पांच मार्च को प्रदेश के 13 जिलों में भारतीय संस्कृति के 48 संस्कारों पर व्याख्यान आयोजित किये जायेंगे। अकादमी सचिव एसपी खाती और शोध अधिकारी डॉ. हरीश चंद्र गुरुरानी ने कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकांश लोग 16 संस्कारों के बारे में ही जानते हैं, जबकि गौतम मुनि ने 48 संस्कारों का वर्णन किया है,

# छात्र संघ समारोह में रोहित चौहान के गीतों पर थिरके छात्र—छात्राएं

चमोली। बुधवार को महाविद्यालय में छात्र संघ समारोह का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस पर राजपथ की परेड में शामिल 8 एनसीसी कैडेटों के अलावा खेल कूद में प्रतिभाग करने वाले 8 अन्य छात्र—छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे लोक गायक रोहित चौहान के गीतों पर छात्र—छात्राएं खूब देर तक थिरकते रहे। महाविद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ ही छात्राओं द्वारा वंदना एवं स्वागत गान से हुआ। छात्र—छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेंद्र भंडारी ने महाविद्यालय के विकास कार्यों के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की साथ ही छात्र छात्राओं को जीवन के लक्ष्य पर नजर रखने का मंत्र दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एमएस कंडारी ने सभी अतिथियों के स्वागत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लोक गायक रोहित चौहान थे जिन्होंने अपने सुरीले गीतों से सभी छात्र छात्राओं को नृत्य करने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर बीआर अन्थवाल ने किया तथा अंत में छात्रसंघ प्रभारी प्राध्यापक डॉ आरसी भट्ट ने सभी छात्र छात्राओं, छात्र संघ एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर चमोली की जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी आदि ने भी छात्र—छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में अक्षत भट्ट, सुनील पंवार सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा ग्रामीण मंडल गैरसैंण की बैठक में मंथन

चमोली। भाजपा गैरसैंण ग्रामीण मंडल की बैठक ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हीरा फनियाल की अध्यक्षता में हुयी। बैठक में राजनैतिक, संगठनात्मक एवं स्थानीय मुद्दों पर विस्तार से मंथन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हीरा फनियाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का आगंतुकों से परिचय कराया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र डिमरी ने भाजपा की रीति एवं नीति के विषय में कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुये कहा कि भाजपा विश्व की एक मात्र राजनैतिक पार्टी है जिसके सदस्यों की संख्या 15 करोड़ से अधिक है। विधायक अनिल नौटियाल ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए टीम भावना से केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गांव –गांव तक पहुंचाने की अपील की। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कार्यकर्ताओं को अभी से नगर पंचायत एवं लोक सभी चुनावों की तैयारियां प्रारंभ करने के साथ ही शक्ति केंद्र एवं बूथ को मजबूत करने की अपील की। इस अवसर पर मंडल प्रभारी मनोज भंडारी, भाजपा महिला मोर्चा जिअ डा. हिमानी वैष्णव, युवा मोर्चा जिअ महावीर रावत, उपाध्यक्ष जगमोहन कठैत, प्रमुख शशि सोरियाल, संजय रावत, कुलदीप सिंह, अमर सिंह, रामचंद्र गौड़, गंगा पंवार, रेवती बिष्ट, धन्ना देवी, वीरेन्द्र टम्टा, नारायण नेगी, प्रेम सिराणी, गंगा पंवार, कुंवर नेगी, भवान सिंह, एलपी सती, खिलाफ सिंह गुसांई, दिनेश गौड़, रामसिंह रावत, मुन्नी देवी, भरत सिंह आदि कार्यकर्ता थे।

# केदारघाटी के ग्रामीण सीखेंगे पिरुल से कोयला बनाना

रुद्रप्रयाग। वन विभाग के सहयोग से अब ग्रामीणों को पिरुल से कोयला बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रुद्रप्रयाग वन प्रभाग ने इस दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। अभी ट्रायल के रूप में कुछ गांवों में प्रशिक्षण की शुरुआत की गई है किंतु सकारात्मक परिणाम आए तो सिंगोली—भटवाड़ी और फाटा—व्यूंग जल विद्युत परियोजना के कैंचमेंट एरिया के गांवों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। गर्मियों में चीड़ से निकलने वाला पिरुल जहां वनाग्नि का प्रमुख कारण माना जाता है वहीं सुलगती आग को धधकते हुए आगे बढ़ाने में पिरुल ही माध्यम बनता है। वन विभाग का उद्देश्य है कि एक ओर पिरुल का सही ढंग से कलेक्शन कर इसे जंगलों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके, वहीं दूसरी ओर यात्रा सीजन के दौरान केदारनाथ जैसे ऊंचाई वाले स्थान पर पिरुल से बनने वाला कोयला पहुंचाया जाए जिसकी वहां अत्यंत आवश्यता होती है। वन विभाग ने इसके लिए ग्रामीणों को प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। रुद्रप्रयाग वन प्रभाग के डीएफओ अभिमन्यु ने बताया कि सिंगोली भटवाडी क्षेत्र के 71 और व्यूंगगाढ़ क्षेत्र के 41 गांवों को प्रशिक्षण देने की योजना है। शुरुआत में ट्रायल के रूप में कार्य किया जा रहा है किंतु सकारात्मक परिणाम आने पर इस दिशा में विस्तार से कार्य किया जाएगा।

### मुकदमा दर्ज

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लाइन जीवनगढ़ स्थित एक निजी स्कूल के गेट पर खड़ी बाइक को चोर उठा ले गये। बाइक मालिक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। हालांकि अब तक पुलिस के हाथ चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है। सरफराज अली पुत्र शराफत अली निवासी कुटला नवादा देहरादून ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 फरवरी की सुबह को उसने अपनी बाइक लाइन जीवनगढ स्थित निजी स्कूल के गेट के बाहर खडी की। जिसके बाद वह स्कूल में किसी कार्यवश मिलने चला गया।

# मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना तथा पलायन रोकथाम योजना को लेकर हुई बैठक




चमोली। मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना तथा पलायन रोकथाम योजना की तीन वर्षो की कार्ययोजना तैयार किए जाने को लेकर पीडी आनन्द सिंह ने एनआईसी सभागार में सभी रेखीय विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

पलायन रोकथाम योजना के अर्न्तगत पोखरी ब्लॉक के पलायन प्रभावित करछुना तथा रानौ गांव के निकटवर्ती गांवों को मिलाकर क्लस्टर गठित किया गया है। पीडी ने सभी विभागों को एक हफ्ते के अन्दर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्थानीयों की मांग प्राथमिकता के आधार पर मुख्यतया पशुपालन तथा डेयरी विभाग को फेज वाइज प्लान तैयार करने को कहा। साथ ही अन्य विभागों को इन गांवों का सर्वे कर प्लान बनाने के निर्देश दिए। साथ मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत जोशीमठ ब्लॉक में फूलों की खेती, सब्जी, राजमा तथा सेब के उत्पादन का एरिया बढाने के निर्देश दिए।


G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई—निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (सी एंड डब्लू), मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या एम–1–सीएएमसी–एसएलआई–एमबी–23 के अंतर्गत एकल निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 17.03.2023 15:00 बजे है, जो उसी दिन 15:30 बजे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर खोली जाएंगी। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मडंल के एआरटी/मुरादाबाद की 140 टन हाइड्रोलिक ब्रेकडाउन क्रेन के एसएलआई की कॉम्प्रेहेंसिव एएमसी का कार्य तीन वर्षो के लिए। | | |
| निविदा टाईप | एकल निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 17.03.2023 15:00 Hrs | टेण्डेरिंग सेक्शन | यांत्रिक (ओ एंड एफ) |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | रु.21,09,677.16 (इंक्लूसिव ऑफ आल टैक्सेज एंड चार्जेज इनक्लुडिंग जीएसटी 18%) | | |
| धरोहर राशि (रु.) | निल | ऑफर की वैधता | 45 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | 3,000.00 | कार्य की अवधि | 36 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 03.03.2023 | कांट्रेक्ट टाइप | सर्विस |

सं. एम–1–सीएएमसी–एसएलआई–एमबी–23 दिनांक: 21.02.2023 571/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बीकेटीसी अध्यक्ष का आभार जताया

रुद्रप्रयाग। बाबा केदारनाथ के शीतकालीन पूजा स्थल ओंकारेश्वर मंदिर के कोठा भवन निर्माण के लिए एमओयू होने पर स्थानीय लोगों ने बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय का आभार व्यक्त किया।

मंगलवार को एक्सप्रेस पब्लिकेशन एवं बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के बीच इस सम्बंध में समझौता ज्ञापन(एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ऊखीमठ में स्थित ओंकारेश्वर मंदिर का कोठा भवन विगत 25 वर्षों से जीर्णशीर्ण बना हुआ है। जिसके लिए लगातार स्थानीय लोगों द्वारा इसके जीर्णोद्धार की मांग की जा रही थी। वहीं बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय के बनने पर स्थानीय लोगों द्वारा प्राथमिकता के तौर पर कोठा भवन का निर्माण करने की मांग की गयी।

जिसके बाद अध्यक्ष अजेंद्र अजय की अध्यक्षता में स्थानीय लोगों के साथ बैठकें की गई। कहा कि अध्यक्ष अजेंद्र अजय के प्रयासों से अब कार्य प्रारंभ होने जा रहा है जिसकी सभी क्षेत्रवासी उनका धन्यवाद करते हैं। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजय राणा, सेवानिवृत्त पुजारी गुरुलिंग पुजारी, राचलिंग पुजारी, राजशेखर पुजारी, केदारसभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, सभासद प्रदीप धर्मवान, प्रधान संदीप पुष्पवान, प्रधान गुड्डी देवी, प्रधान योगेंद्र नेगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट, अनुसूया प्रसाद, पूर्व प्रमुख लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, सरपंच पवन राणा, चंडी प्रसाद शैव, दलबीर सिंह, विनोद रावत, बबलू जंगली, अर्जुन रावत, विजेंद्र नेगी, देवेंद्र प्रसाद, दिलबर रावत आदि ने आभार व्यक्त किया।

### पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया

ऋषिकेश। रुड़की में पटाखों के गोदाम में आग से चार लोगों की मौत के बाद ऋषिकेश पुलिस और अग्निशमन विभाग भी हरकत में आया है। क्षेत्र में संचालित लाइसेंसी दुकानों का संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा और बचाव के उपकरणों की जांच की गई। फिलहाल टीम को मौके पर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। औचक निरीक्षण में लापरवाही मिलने पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी संचालकों को दी है। प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे और अग्निशमन अधिकारी बीरबल सिंह ने बुधवार को शहर में क्षेत्र रोड और मुखर्जी मार्ग पर पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया।

# सिंचाई उपखंड कार्यालय को पूर्व की भांति पुरोडी चकराता में शिफ्ट करने की मांग

विकासनगर। एक ओर सरकार पहाड़ के गांवों में पलायन रोकने का दावा कर रही है। दूसरी तरफ अधिकारी सरकार की मंशा को पलीता लगा रहे हैं। जौनसार बावर के जनप्रतिनिधियों ने मुख्य अभियंता लघु सिंचाई को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि एक माह पूर्व पुरोडी चकराता से रातोंरात लघु सिंचाई विभाग के उपखंड कार्यालय को विकासनगर शिफ्ट किया गया है।

जिससे क्षेत्र की जनता के समक्ष दिक्कतें आ रही हैं। जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन में कहा कि पुरोडी चकराता में उपखंड कार्यालय लघ सिंचाई सुचारु रूप से चल रहा था। जिससे क्षेत्र के विकास कार्य आसानी से हो रहे थे। वहीं आम जनता को भी सुविधा मिल रही थी। लेकिन एक माह पूर्व उपखंड कार्यालय को गुपचुप तरीके से पुरोडी चकराता से उपखंड अधिकारी व कर्मचारियों ने विकासनगर में शिफ्ट कर दिया है। जिससे क्षेत्र की जनता को भारी नुकसान उठाना पड रहा है। कहा कि जौनसार बावर के दूरस्थ गांवों के लोग चकराता पुरोडी में आसानी से अपनी समस्यायें अधिकारियों के समक्ष रखकर उनका निस्तारण करवाते थे।

लेकिन अब लोगों को विकासनगर के चक्कर काटने पड रहे हैं। कई बार तो यह भी नौबत आती है कि ग्रामीण विकासनगर कार्यालय जाते हैं तो वहां अधिकारी कर्मचारी मिलते ही नहीं है। कहा कि सरकार पहाड़ो पर अधिकारियों की तैनाती कर पलायन रोकने का दावा करती है। लेकिन सरकार के दावे अधिकारी फेल कर रहे हैं। कहा कि पुरोडी में संचालित उपखंड कार्यालय को विकासनगर शिफ्ट करने का क्या औचित्य है। जनप्रतिनिधियों ने मुख्य अभियंता से तत्काल उपखंड कार्यालय को पूर्व की भांति पुरोडी चकराता में शिफ्ट करने की मांग की है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में भीमदत्त वर्मा, पूर्व प्रधान मोहनलाल शर्मा, पूर्व प्रधान अनारी देवी, पूर्व प्रधान सतपाल राय आदि शामिल रहे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान सहायक कलेक्ट्रर कोटद्वार (गढ़वाल)**
**राजस्व वाद सं0 02 सन 2019–20**

वादीगण :- 1- श्रीमती शोभा रावत पत्नी स्व0 बलराम सिंह2- संदीप सिंह पुत्र स्व0 बलराम सिंह3- मन्दीप सिंह पुत्र स्व0 बलराम सिंह

**बनाम्**

प्रतिवादीगण :- 1- राम सिंह पुत्र स्व0 पंचम सिंह, 2- बलदेव सिंह पुत्र स्व0 पंचम सिंह, 3- शेर सिंह पुत्र स्व0 पंचम सिंह, 4- श्रीदेव सिंह पुत्र स्व0 पंचम सिंह, 5- राजेश सिंह पुत्र स्व0 पंचम सिंह, 6- सतीश सिंह पुत्र स्व0 पंचम सिंह, 7- श्रीमती सुषमा देवी पत्नी श्री आलम सिंह, 8- उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कलेक्ट्रर पौड़ी गढ़वाल निवासीगण 1 से 7 पूर्वी झण्डीचौड़, पट्टी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल।

हरगाह वादी ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय में दावा अन्तर्गत धारा- 176 ज0वि एवं भूमि सुधार अधिनियम प्रस्तुत किया है। अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप दिनांक 21.03.2023 को मेरे न्यायालय में ठीक 10 बजे प्रातः उपस्थित होकर जवाबदेही करें। अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लयी जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा से आज दिनांक 22/02/2023 को जारी।

**आज्ञा से**
**न्यायालय सहायक कलेक्ट्रर**
**कोटद्वार गढ़वाल**
(0891/19)

# कालसी क्षेत्र से लापता किशोरी महाराष्ट्र से बरामद

विकासनगर। परिजनों से नाराज होकर घर से भागी कालसी क्षेत्र के गांव की किशोरी को पुलिस ने चार दिन बाद अहमदनगर महाराष्ट्र से बरामद कर दिया है। किशोरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर काउंसिलिंग करने के बाद पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंप दिया है। 17 फरवरी को कालसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय बहन 17 फरवरी सांय को करीब साढ़े चार बजे घर से नाराज होकर बिना किसी को कुछ बताये कहीं चली गयी है। जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरु की। पुलिस ने जांच को एसआई हेमा बिष्ट को सौंपकर किशोरी की तलाश शुरु की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही किशोरी के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की। जिसकी लोकेशन महाराष्ट्र के अहमदनगर रेलवे स्टेशन पर मिली। पुलिस ने आरपीएफ अहमदनगर से संपर्क कर किशोरी को आरपीएफ अहमदनगर किशोरी को संरक्षण में लेने की बात की। जिसके बाद आरपीएफ अहमदनगर ने किशोरी को अपने संरक्षण में ले लिया। जिसके बाद कालसी से पुलिस की टीम अहमदनगर महाराष्ट्र रवाना हुई। पुलिस ने आररपीएफ अहमदनगर के संरक्षण से किशोरी को अपने संरक्षण में लेकर बाल कल्याण समिति अहमदनगर के समक्ष पेश किया।

थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह नेगी ने बताया कि बाल कल्याण समिति के समक्ष किशोरी की काउंसिलिंग कराने के बाद पुलिस किशोरी को सकुलशल अपने साथ कालसी ले आयी। जहां किशोरी के परिजनों को थाने बुलाकर पुलिस ने किशोरी को परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस की टीम में एसआई हेमा बिष्ट, कांस्टेबल राजीव कुमार, राजेश रावत, महिला कांस्टेबल इंदु शर्मा शामिल रहे।




## सम्पादकीय

# राहुल गांधी की दाढ़ी का सवाल

यह लाख टके का सवाल है कि राहुल गांधी अपनी दाढ़ी कब कटवाएंगे? उनके सामने एक मडल नरेंद्र मोदी का है। नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस की महामारी के समय दाढ़ी बढ़ानी शुरू की थी। तब कहा गया था कि वे पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के लिहाज से दाढ़ी बढ़ा रहे हैं। बढ़ी हुई दाढ़ी में उनको रविंद्र नाथ टैगोर की तरह बताया जा रहा है। बहरहाल, बंगाल चुनाव में भाजपा नहीं जीती और उसके बाद उनकी दाढ़ी कटाने के कयास लगने लगे। लेकिन मोदी ने एक बार में दाढ़ी कटवा लेने की बजाय धीरे धीरे अपनी दाढ़ी छोटी की। सो, राहुल गांधी के सामने भी यह मडल है कि वे धीरे धीरे दाढ़ी छोटी करा लें। दूसरा तरीका यह है कि वे एक बार दाढ़ी-मूंछ कटवा लें और अपने पुराने स्वरूप में आ जाएं। इस महीने के आखिर में उनको केंब्रिज यूनिवर्सिटी में लेक्चर देने जाना है। सो, यह सस्पेंस है कि वे केंब्रिज में इसी तरह भाषण देने जाएंगे या लुक बदलेंगे? इस बीच यह भी कहा जा रहा है कि पार्टी के कुछ नेता इसे धार्मिक रीति-रिवाज से जोडने के प्रयास में लगे हैं। वे चाहते थे कि राहुल गांधी वाराणसी जाएं और वहां गंगा के किनारे दाढ़ी बनवाएं। हालांकि पता नहीं किसी अज्ञात कारण से यह बात टल गई। ध्यान रहे राहुल गांधी ने जब दाढ़ी बढ़ाई तो असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा था कि उनकी शक्ल सद्दाम हुसैन से मिलने लगी है। शक्ल चाहे जिससे मिलती हो लेकिन राहुल ने अभी जैसी दाढ़ी रखी है वैसी दाढ़ी वे हमेशा नहीं रखने वाले हैं। उनकी दाढ़ी कटेगी, बस समय तय नहीं है।

# उमा ने नहीं,लोधी वोटरों ने झुकाया सरकार को.

**पिछले विधानसभा चुनाव में लोधी प्रत्याशी बड़ी संख्या में विधानसभा के लिए चुने गए थे।लेकिन इनमें कांग्रेस के टिकट पर ज्यादा जीते थे।सब जानते हैं कि  में बीजेपी विधानसभा चुनाव हारी थी। यह अलग बात है कि खरीद फरोख्त के आरोपों के बीच कांग्रेस के विधायकों को तोड़ बीजेपी ने  महीने बाद ही कांग्रेस से सत्ता छीन ली थी!तब कांग्रेस के टिकट पर जीते कई लोधी विधायक बीजेपी में शामिल हो गए थे।कुछ तो उमा का आशीर्वाद लेकर वापस घर लौटे थे। पिछले कुछ महीने से उमा लोधी समाज को एकजुट करने के काम में लगीं थीं।उनकी तैयारी करणी सेना की तर्ज पर शक्ति प्रदर्शन कराने की थी।इस बीच उन्होंने संघ प्रमुख से भी मुलाकात की थी।ओरछा जाकर रामराजा मंदिर के पास खुली शराब की दुकान का विरोध भी किया था। माना जा रहा है लोधी समाज की ष्एकताष ने शिवराज को अपना फैसला बदलने पर मजबूर किया है।**



**अरुण दीक्षित**

अंततः शिवराज सरकार झुक गई !उसने अपनी आबकारी नीति में बदलाव कर लिया है।इसे उमा भारती की जीत माना जा रहा है।लेकिन यह पूरा सच नही है।सच यह है कि प्रदेश के लोधी मतदाताओं के डर ने सरकार को फैसला बदलने पर मजबूर कर दिया है।चुनावी साल है !इसमें आपको कई ऐसे फैसले देखने को मिलेंगे!

पहले बात सरकार के फैसले की!रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने मंत्रिमंडल की खास बैठक बुलाई।आमतौर पर मंत्रिमंडल की बैठक मंगलवार को होती थी।यह पहले से पता था कि इस बैठक में अन्य फैसलों के साथ साथ नई आबकारी नीति भी तय होगी लेकिन फिर भी पूरे दिन अटकलों का दौर चलता रहा।शाम को बैठक हुई और नई नीति सामने आ गई!

यह सब जानते हैं कि 20 साल पहले, अकेले अपने दम पर बीजेपी को सत्ता में लाने वाली उमा भारती आजकल राजनीति के बियाबान में अकेली भटक रहीं हैं।बीजेपी नेतृत्व ने उन्हें हाशिए पर धकेल दिया है।जो उनके अपने माने जाते थे वे साथ छोड़ कर जा चुके हैं।सत्ता के मजे ले रहे हैं।

राजनीति की मुख्यधारा में वापसी के लिए छटपटा रहीं उमा ने हर हथकंडा अपनाया।कई बार नेतृत्व पर सवाल भी उठाए।साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यशगान भी किया।भोपाल से उत्तराखंड तक दौड़ती रही उमा को जब कोई रास्ता नहीं मिला तो उन्होंने प्रदेश में शराबबंदी का मुद्दा उठाया!

पिछले दो साल से ज्यादा समय से उमा प्रदेश में शराबबंदी का मुद्दा उठा रही हैं।उन्होंने कई बार चिट्ठियां लिखीं!ट्वीट किए!मीडिया से बात की।आंदोलन की धमकी दी!छोटे मोटे आंदोलन किए भी।शराब की दुकान पर पत्थर दें के!शराब की दुकान के आगे गायों को घास खिलाई।साथ ही दुकान में गोबर भी दें का।कुछ दिन एक दुकान के सामने धरना भी दिया।

बीच बीच में मुख्यमंत्री से वार्तालाप भी किया।लेकिन मुख्यमंत्री नही पसीजे!उन्हें अपनी सरकार की कमाई दिख रही है।यही वजह है कि पिछले साल उमा की।मांगों को दरकिनार करते हुए उन्होंने शराब की दुकानों की संख्या दोगुनी कर दी!हालांकि इसके लिए नए लाइसेंस नही दिए!बस देसी की दुकान पर विदेशी और विदेशी की दुकान पर देसी शराब बेचने की इजाजत दे दी।दुकानें अपने आप दोगुनी हो गईं!

बाद में सरकार ने शराबबंदी की जगह नशाबंदी की बात कही।उमा भी उस पर मान गईं लेकिन यह मामला भी हवा में ही तैरता रहा।

जब किसी भी तरह सरकार बात मानने को तैयार नहीं हुई तो उमा भारती ने वह दांव चला जिसने बीजेपी और संघ दोनों के कानों में घंटियां बजा दीं।

उमा भारती अचानक अपनी बिरादरी में लौट गईं।उन्होंने प्रदेश में लोधी समाज में अपनी सक्रियता बढ़ाई।इसका मौका भी उन्हें बीजेपी की प्रदेश इकाई ने दिया।

उमा भारती के एक करीबी प्रीतम लोधी ने समाज की एक सभा में ब्राह्मणों पर टिप्पणी कर दी।अचानक कुछ ब्राह्मणों का सम्मान जाग गया।इस पर प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा ने प्रीतम लोधी को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया।हालांकि प्रीतम ने बिना शर्त माफी मांग ली थी।इस मामले ने तूल तब पकड़ी जब सनातन धर्म और ब्राह्मणों के स्वयंभू ठेकेदार बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने प्रीतम लोधी की ठठरी बांधने का ऐलान किया।शिवराज के मंत्री उनके दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे।

इसके बाद उमा सक्रिय हुईं।वे प्रीतम लोधी के घर पहुंची।उन्होंने बीजेपी के फैसले पर सवाल भी उठाया!लोधी समाज से अपने रिश्ते की बात कही।इसके साथ ही उमा एक बार फिर प्रदेश की लोधी राजनीति में सक्रिय हुईं।

यह तथ्य सर्वविदित है कि प्रदेश की राजनीति में लोधी समाज की अहम भूमिका है।चार लोकसभा क्षेत्र और करीब दो दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में लोधी मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं।यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है।

पिछले विधानसभा चुनाव में लोधी प्रत्याशी बड़ी संख्या में विधानसभा के लिए चुने गए थे।लेकिन इनमें कांग्रेस के टिकट पर ज्यादा जीते थे।सब जानते हैं कि 2018 में बीजेपी विधानसभा चुनाव हारी थी। यह अलग बात है कि खरीद फरोख्त के आरोपों के बीच कांग्रेस के विधायकों को तोड़ बीजेपी ने 15 महीने बाद ही कांग्रेस से सत्ता छीन ली थी!तब कांग्रेस के टिकट पर जीते कई लोधी विधायक बीजेपी में शामिल हो गए थे।कुछ तो उमा का आशीर्वाद लेकर वापस घर लौटे थे।

पिछले कुछ महीने से उमा लोधी समाज को एकजुट करने के काम में लगीं थीं।उनकी तैयारी करणी सेना की तर्ज पर शक्ति प्रदर्शन कराने की थी।इस बीच उन्होंने संघ प्रमुख से भी मुलाकात की थी।ओरछा जाकर रामराजा मंदिर के पास खुली शराब की दुकान का विरोध भी किया था।

माना जा रहा है लोधी समाज की ष्एकताष ने शिवराज को अपना फैसला बदलने पर मजबूर किया है।

हालांकि उमा बिहार जैसी शराबबंदी चाहतीं हैं।लेकिन फिलहाल सरकार ने फैसला किया है कि शराब की दुकानों के साथ मिलने वाली वहीं बैठकर पीने की व्यवस्था खत्म कर दी जाएगी।एक अप्रैल 2023 से शप बार और दुकानों से लगे अहाते बंद हो जाएंगे।स्कूल और पूजा स्थलों के पास शराब की दुकानें नही खुलेंगीं।जो हैं उन्हें कम से कम 100 मीटर दूर किया जाएगा। जिन दुकानों का विरोध हो रहा है उन्हें हटाया जाएगा।शराब पीने वालों को हतोत्साहित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।प्रदेश में शराब बिकती रहेगी।

उमा भारती ने सरकार के फैसले पर खुशी जाहिर की है।प्रदेश की महिलाओं की तरफ से सरकार का अभिनंदन किया है।मजे की बात यह है कि उन्होंने प्रीतम लोधी को गाली देने वाले धीरेंद्र शास्त्री को पुत्रवत बताया है। फिलहाल देखना यह है कि उमा अब क्या करेंगी?जो उन्हें करीब से जानते हैं वे यह भी जानते हैं कि उमा अपने ष्पुराने जख्मोंष को जल्दी से नही भूलती हैं।और यह बात सभी जानते हैं कि उमा की लाई सरकार पर काबिज होने के बाद शिवराज सिंह ने ही उन्हें प्रदेश छोडने को मजबूर किया था।वे उत्तरप्रदेश के जरिए बीजेपी में तो लौटी हैं लेकिन एमपी की राजनीति में अभी भी हाशिए पर हैं।जब तक शिवराज सीएम हैं तब तक इस बात की उम्मीद भी नही की जा सकती है।

अपने अस्थिर चित्त की वजह से अपना बड़ा नुकसान कर चुकीं उमा अब आगे क्या करेंगी यह तो वक्त ही बताएगा।लेकिन लोधी समाज में उन्होंने जागृति ला दी है।वोट के चक्कर में सबके सामने झुक रही बीजेपी इसे कैसे संभालेगी यह तो वही जाने!पर इतना तय है कि भाई बहन (उमा -शिवराज) का यह प्यार अभी कई कसौटियों पर कसा जायेगा।विधानसभा चुनाव नवंबर में होने हैं।तब तक गंगा और नर्मदा दोनों में बहुत पानी बह जाएगा।उमा इन दोनों को अपना सब कुछ मानती हैं।गंगा की तो नही कह सकते लेकिन नर्मदा कभी भी उमा को उद्वेलित कर सकती हैं। पर कुछ भी हो अपना एमपी गज्जब है।है कि नहीं!भाई बहन के ष्यार की ऐसी मिसाल और कहां देखने को मिलेगी!!!

# सीडब्लुसी का चुनाव लड़ेगा कौन!



> सीडब्लुसी के चुनाव कराने की जरूरत इसलिए नहीं है क्योंकि चुनाव लडने वाला कोई नहीं है। चुनाव का मजा तो तभी होता है, जब कोई लड़े लेकिन कांग्रेस में अब कोई लडने वाला नहीं बचा।

कांग्रेस के रायपुर अधिवेशन में कार्यसमिति यानी सीडब्लुसी का चुनाव नहीं होगा। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से ऐसा नहीं कहा गया है कि चुनाव नहीं होगा लेकिन जानकार नेताओं का कहना है कि इसक फैसला हो चुका है कि चुनाव नहीं होगा। सिर्फ घोषणा बाकी है, जो अधिवेशन के पहले दिन यानी 24 फरवरी को हो जाएगी। पार्टी की ओर से आधिकारिक रूप से इतना बताया गया है कि 24 फरवरी को रायपुर में पार्टी की स्टीयरिंग कमेटी की बैठक होगी। ध्यान रहे इस स्टीयरिंग कमेटी में पुरानी सीडब्लुसी के सारे सदस्य हैं और उनके अलावा पार्टी के पदाधिकारी हैं। स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में तय किया जाएगा कि सीडब्लुसी के चुनाव कराए जाएं या नहीं।

सीडब्लुसी के चुनाव कराने की जरूरत इसलिए नहीं है क्योंकि चुनाव लडने वाला कोई नहीं है। चुनाव का मजा तो तभी होता है, जब कोई लड़े लेकिन कांग्रेस में अब कोई लडने वाला नहीं बचा। जो लड़ सकते थे वे या तो पार्टी से बाहर हो गए हैं या उनको मनमाफिक पद दे दिया गया है। इसलिए पार्टी में जो हैं वे आलाकमान के पापात्र ही हैं, जिनको उनकी हैसियत के हिसाब से पद दे दिया जाएगा। याद करें दो साल पहले कैसे कांग्रेस में एक जी-23 बना था, जिसने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को चुनौती दी थी और पार्टी के हर पद पर चुनाव कराने की मांग की थी। लेकिन अब यह जी-23 कहीं नहीं है।

कांग्रेस में 23 नेताओं का जो गुट बना था उसके नेता सीडब्लुसी का चुनाव लड़ सकते थे। लेकिन उनके अघोषित प्रमुख गुलाम नबी आजाद पार्टी छोड़ कर जा चुके हैं। दूसरे सबसे मुखर सदस्य कपिल सिब्बल भी पार्टी छोड़ चुके हैं और समाजवादी पार्टी के समर्थन से राज्यसभा सांसद बने हैं। इस समूह के एकमात्र जन समर्थन वाले नेता भूपेंदर सिंह हुड्डा थे, जिनको हरियाणा की कमान मिल गई है। वहां उनकी पसंद का प्रदेश अध्यक्ष बना कर एक तरह से अगले चुनाव का चेहरा बना दिया गया है। उनके विरोधी या तो राज्य की राजनीति से बाहर हैं या हाशिए पर डाल दिए गए हैं। एक अन्य मुखर सदस्य शशि थरूर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ कर आजमा चुके हैं और इसलिए उन्होंने ऐलान कर दिया है कि अगर सीडब्लुसी का चुनाव होता है तो वे नहीं लड़ेंगे। जी-23 के मुखर और बड़े नेताओं में एक आनंद शर्मा हैं, जो अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत के बाद से शांत पड़े हैं। उनको पता है कि वे अपनी प्रासंगिकता गंवा चुके हैं। इस ग्रुप के एक अन्य सदस्य राज्यसभा सांसद अखिलेश सिंह को बिहार प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया गया है। ले देकर मनीष तिवारी अकेले नेता हैं, जिनकी थोड़ी बहुत हैसियत है सबको पता है कि वे इन दिनों आम आदमी पार्टी के साथ नजदीकी बढ़ाने में लगे हैं। सो, कांग्रेस में कोई बड़ा नेता बचा ही नहीं, जो सीडब्लुसी का चुनाव लड़े।

# बदहाली का फैलता दायरा

अगर बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा कंपनियों को छोड़ दें, तो संगठित क्षेत्र की भी बाकी तमाम कंपनियों का मुनाफा लगातार गिर रहा है। बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा कंपनियों ने शेयर मार्केट को चमका रखा है। जबकि बाकी कारोबार में ऐसी कोई चमक नहीं है।

इस खबर की खास चर्चा हुई है कि कैसे बीते पांच साल में भारत के 72 प्रतिशत सूक्ष्म, लघु और मध्यम कारोबारियों की आमदनी बिल्कुल नहीं बढ़ी है। एमएसएमई सेक्टर संकट में है, इस बारे में ठोस आंकड़े पहले से उपलब्ध रहे हैं। दरअसल, नोटबंदी ने इस सेक्टर की जो कमर तोड़ी, वह आज तक नहीं संभल पाई है। ताजा खबर एक सर्वे पर आधारित है, जिसमें बताया गया कि इस क्षेत्र के अधिकांश कारोबारी जीएसटी को जिस ढंग से लागू किया गया, उससे भी परेशान हैं। लेकिन सिर्फ वो ही परेशान हों, ऐसी बात नहीं है। एक वित्तीय अखबार ने खबर दी है कि अगर बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसई) कंपनियों को छोड़ दें, तो संगठित क्षेत्र की भी बाकी तमाम कंपनियों का मुनाफा लगातार गिर रहा है। बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा उद्योग वे क्षेत्र हैं, जिन्होंने शेयर मार्केट को चमका रखा है। लेकिन बाकी कारोबार में ऐसी कोई चमक नहीं है। तेल-साबुन बनाने वाली कंपनियों यानी एफएमसीजी की बिक्री लगातार गिर रही है, यह खबर एकाध अपवाद मौकों को छोड़ कर बाकी तमाम महीनों के अंत में आई रिपोर्टों से मिलती रही है।

अगर गहराई से देखें, तो इन सारी नकारात्मक खबरों के तार एक दूसरे से जुड़े नजर आएंगे। एमएसएमई सेक्टर भारत में सबसे ज्यादा रोजगार मुहैया कराने वाला क्षेत्र है। अगर ये कारोबार संकट में होंगे, करोड़ों लोगों की आमदनी घटेगी, जो अपना खर्च घटाने को मजबूर होंगे। उससे बाजार में मांग का घटना तय है। असल में यही हुआ है। ऊपर से बीते चार साल जारी असाधारण महंगाई ने लोगों की वास्तविक आय घटा दी है। ऐसे में कंपनियों की बिक्री या मुनाफा बढने का कोई आधार नहीं है। ये स्थितियां देश में लगातार विकराल हो रहे आर्थिक संकट की तरफ इशारा करती हैं। बेशक, सरकार में ऐसे अधिकारी हैं, जो इन संकेतों को समझते होंगे। इसके बावजूद बाजार में उपभोगा और मांग बढ़ाने वाली नीतियां अगर नहीं अपनाई गई हैं, तो उसे सरकार की सुनियोजित नीति का परिणाम ही माना जाएगा। तो भारत की बढ़ती दुर्दशा के लिए जवाबदेह कौन है, यह स्पष्ट है।

# बीबीसी विवाद

**सुधीश पचौरी**

पहले गुजरात दंगों को लेकर बीबीसी द्वारा बनाई गई डाक्यूमेंटरी को बैन किया गया।

फिर कुछ दिन बाद इनकम टेक्स विभाग ने बीबीसी के दफ्तरों में जाकर अकांउट्स की जांच शुरू कर दी। ऐसा होते ही बीबीसी को लेकर बहसें होने लगीं। विपक्षियों ने इसे मीडिया की आजादी पर हमला कहा। कई का मानना रहा कि दुनिया बीबीसी की खबरनबीसी पर भरोसा करती है। मानते हैं कि खबर बनाने के उसके श्मानक ऊंचे हैं। उसे बैन करना बदले की कार्रवाई है।

इसके बरक्स बीबीसी के आलोचक कहते रहे कि बीबीसी अब भी कलोनियल संस्था है। अपने पूर्व उपनिवेशों को अब भी उपनिवेश की तरह लेती है और उनके अंदरूनी मामलों में दखल देती रहती है.इसी आधार पर एक बार इंदिरा गांधी ने भी बीबीसी पर बैन लगाया था। उसके दफ्तर सील कर दिए थे। उसके स्टाफ को वापस भेज दिया था.। इस बैन का कारण था बीबीसी द्वारा देश के तब के हालात को अपने पूर्वाग्रही नजरिए से बताना। बीबीसी का नजरिया तब की जनतांत्रिक सत्ता को निरंकुशतावादी बताता था। उसकी खबरें देश की शांति व्यवस्था के लिए खतरा नजर आती थीं। इसलिए इंदिरा गांधी ने उसे बैन किया था।

इन दिनों के बैन करने वाले भी यही कहते हैं कि इंदिरा गांधी ने भी





ताो

अपने वक्त में बीबीसी को बैन किया था। हमने किया तो क्या गुनाह किया? आखिर, वह फिर से भारत की छवि को विदूपित करने के चक्कर में है। उसकी डाक्यूमेंटरी झूठ का पुलिंदा है। जब देश के सुप्रीम कोर्ट ने तब के गुजरात के सीएम और अब पीएम को गुजरात के दंगों में किसी भी प्रकार से लिप्त न पाकर, सभी आरोपों से श्बरी कर दिया तब बीबीसी क्यों गड़े मुरदे उखाड़ रही है? क्या वह सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर है? ऐसे आलोचकों का मानना है कि गुजरात के दंगों को फिर से कुरेदना बीबीसी की श्नव्य औपनिवेशिक राजनीति का हिस्सा है।

आलोचक मानते हैं कि इस झूठी कहानी को गढ़ा है श्जेक स्ट्र नामक गोरे नेता ने जो खुद इंग्लैंड के इस्लामिक तत्ववादियों से जुड़ा है, जो अक्सर ऐसी झूठी खबरें गढ़कर किसी शहिट मैन की तरह काम करता है।

जब भारत की इकनमी उठान पर है, भारत को दुनिया में ताकतवर राष्ट्र के रूप में गिना जाने लगा है, दुनिया के देशों और बाजारों में छाई मंदी और मुर्दनी के बावजूद इंडिया की ग्रोथ की कहानी सबसे बेहतरीन दर से बढ़ रही है, और उसकी इकनमी ने इंग्लैंड को भी पीछे छोड़ दिया है, ऐसे में यह डाक्यूमेंटरी लाई गई है। बीबीसी के आलोचक यह भी मानते हैं कि पीएम मोदी आज के भारत की तेज ग्रोथ की कहानी के महानायक हैं। भारत के विकास के सबसे बड़े प्रतीक हैं। ऐसे पीएम की छवि पर की जाती चोट, देश पर की जाती चोट है। उनकी छवि गिरती है तो इंडिया की छवि भी गिरती है और बाजार के सेंटीमेंट डाउन होते हैं। इस डाक्यूमेंटरी को इंडिया की श्ग्रोथ की कहानी को डाउन करने के लिए बनाया गया है, इसलिए इसे बैन करना उचित है। वे यह भी कहते हैं कि सिर्फ सार्वजनिक प्रदर्शन पर ही रोक लगाई गई है, इंदिरा की तरह दफ्तर सील नहीं किए हैं, न कर्मचारियों को भगाया ही है।

ऐसे आलोचक इस सबको देश के खिलाफ तिहरी साजिश की तरह देखते हैं जैसे कि पहले बीबीसी की डाक्यूमेंटरी का आना, फिर विश्व बाजार में शर्ट सेलिंग के उस्ताद हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का आना और दुनिया के नंबरी सेठ अडाणी का गिरना और फिर दुनिया के सट्टाखोर अरबपति जर्ज सोरोस का मोदी और अडाणी के खिलाफ बोलना और अगले चुनाव में मोदी के न जीतने देने की बात कहना। एक ही पखवाड़े में एक नहीं, दो नहीं, तीन तीन हमले और वो भी विदेशी संस्थाओं के हमले किसी तटस्थ व्यक्ति को यह बताने के लिए काफी है कि भारत को घेरा जा रहा है, और हमारे अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप किया जा रहा है।

जब सोरोस जैसा सटोरिया एक अरब डलर का फंड देकर खुलेआम इंडिया को फेल करने, यहां के कई मीडिया व नीति संस्थानों को डलर देने का खेल खेलता हो, जिसके लोग हिंडनबर्ग से लेकर भारत जोड़ो तक से जुड़े दिखते हों वहां सत्ता पक्ष के तर्क और भी दमदार नजर आते हैं। फिर भी हमारा मानना है कि बीबीसी को बैन करना उचित नहीं लेकिन बीबीसी का कलोनियल नजरिए से काम करना भी सही नहीं।

# अमेरिका के पूंजीपति जर्ज सोरोस के खतरनाक सपने

**डा दिलीप चौबे**

अमेरिका के पूंजीपति जर्ज सोरोस के बयान को भारत ने गंभीरता से लिया है। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में सोरोस के भाषण को पहले केवल एक बकवास और बूढ़े आदमी की भड़ास के रूप में लिया जा रहा था, लेकिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पूरे प्रकरण को दुनिया के भू-रणनीतिक हालात के प्रकाश में समझने और समझाने का प्रयास किया है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में केवल सोरोस ही नहीं, बल्कि अमेरिका और पश्चिमी देशों के सत्ता प्रतिष्ठानों, थिंक टैंक और मीडिया को भी कठघरे में खड़ा किया है। सोरोस ने अपने बयान में भारत में सत्ता परिवर्तन और रूस के विघटन का दिवास्वप्न देखा था। उसने चीन में कम्युनिस्ट शासन के विरुद्ध (प्रति) क्रांति की भी आशा व्यक्त की थी। रूस और चीन की ओर से सोरोस के बयान पर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन जयशंकर ने सोरोस जैसे लोगों और संस्थाओं बखिया उधेड़ दी। जयशंकर के बयान से अमेरिका सहित पश्चिमी देशों में खलबली मच गई होगी।

जयशंकर ने कहा कि सोरोस न्यूयर्क में बैठा एक बूढ़ा अपनी राय के प्रति हठधर्मी धनपशु है, लेकिन यदि वह केवल इतना होता तो उसके बयान को नजरअंदाज किया जा सकता था। जयशंकर के अनुसार सोरोस एक खतरनाक आदमी भी है। सोरोस अपने आप को स्वयंभू न्यायाधीश मानता है जिसे यह तय करने का अधिकार है कि कोई देश या नेता लोकतांत्रिक है या नहीं। इतना ही नहीं जिस देश या नेता को वह लोकतांत्रिक नहीं मानता उसे अस्थिर बनाने के लिए आर्थिक संसाधन भी झोंकता है।

जयशंकर ने वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव के पहले सोरोस जैसे लोगों और संस्थाओं के मंसूबों का पर्दापाश किया है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां विभिन्न देशों में सत्ता परिवर्तन का कुचक्र रचा



जाता है। उनका इशारा अमेरिका और पश्चिमी देशों की शह पर अथवा प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से इराक, लीबिया, तत्कालीन यूगोस्लाविया में सत्ता परिवर्तन कराया गया। जयशंकर ने कहा कि भारत को औपनिवेशिक शासन का अनुभव है। इसके आधार पर हमें इस बात का भान है कि किस तरह किसी देश की घरेलू राजनीति पर शिंकजा कसा जाता है। जयशंकर ने अपनी बेबाक और सख्त प्रतिक्रिया से बीबीसी डक्यूमेंट्री, फ्रीडम-हाउस और पश्चिमी मीडिया के मोदी विरोधी दुष्प्रचार का प्रभावी प्रतिकार किया। उन्होंने कहा कि सोरोस ने कुछ वर्ष पूर्व म्यूनिख सम्मेलन में कहा था कि भारत में लाखों मुसलमानों को नागरिकता से वंचित किया जा रहा है। ऐसा कुछ नहीं हुआ। लेकिन भय पैदा करने वाले बयान दिए जाते हैं तो इससे सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचता है। कुछ नावाकिफ लोग ऐसे बयानों पर विश्वास भी कर लेते हैं।

किसी देश का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि जब किसी देश या नेता के विरुद्ध आरोप गढ़े जाते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की आधारभूमि

> **सोरोस ने रूस के विघटन और चीन में कम्युनिस्ट शासन विरोधी विद्रोह होने की जो आशा व्यक्त की है, वह पश्चिमी देशों की सरकारों की रणनीति से मेल खाती है। अमेरिका और नाटो देशों ने यूक्रेन के जरिए रूस के विरुद्ध जो सैनिक अभियान चलाया है, उसका लक्ष्य राष्ट्रपति पुतिन को सत्ता से हटाना है।**

तैयार हो जाती है। सोरोस जैसे लोग संसाधन मुहैया कराते हैं। अनेक संस्थाएं खड़ी हो जाती हैं जो सत्ता परिवर्तन कराने के लिए जमीन पर काम करती हैं। हाल के दिनों में अमेरिका और ब्रिटेन सहित पश्चिमी देशों ने मोदी सरकार की प्रत्यक्ष रूप से कोई आलोचना नहीं की है, लेकिन जयशंकर के बयान से साबित होता है कि मोदी सरकार इस संबंध में बहुत सतर्क है। भारत में सत्ता परिवर्तन के किसी प्रयास को सरकार गंभीर चुनौती के रूप में ले रही है। सोरोस ने रूस के विघटन और चीन में कम्युनिस्ट शासन विरोधी विद्रोह होने की जो आशा व्यक्त की है, वह पश्चिमी देशों की सरकारों की रणनीति से मेल खाती है। अमेरिका और नाटो देशों ने यूक्रेन के जरिए रूस के विरुद्ध जो सैनिक अभियान चलाया है, उसका लक्ष्य राष्ट्रपति पुतिन को सत्ता से हटाना है। पश्चिमी देश एक देश के रूप में रूस के विघटन का सपना भी देख रहे हैं। उन्हें इस बात की चिंता नहीं है कि दुनिया में सबसे अधिक परमाणु हथियार वाले रूस के विघटन का क्या नतीजा होगा। राष्ट्रपति पुतिन ने सोवियत संघ का विघटन देखा है। वह रूस के विघटन के लिए प्रेरित किसी भी प्रयास को असफल बनाने को किसी भी हथियार का प्रयोग करने से पीटे नहीं हटेंगे। हाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पुतिन से बंद कमरे में लंबी बातचीत की थी। बातचीत का ब्यौरा तो नहीं है, लेकिन संभव है कि उन्होंने भावी चुनौतियों के बरक्स साझा रणनीति पर विचार किया हो।

# कई देशों का आबादी बढ़ाने पर जोर

## कहीं बच्चे पैदा करने पर लाखों का इनाम, कहीं सरकारी खर्च पर परवरिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की आबादी आठ सौ करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। हर एक सेकेंड औसतन तीन से चार बच्चे पैदा हो रहे हैं। जब तक आप ये खबर पूरी पढ़ेंगे तब तक दुनिया में करीब 900 बच्चे पैदा हो चुके होंगे। ूवतसकवउमजमते के आंकड़ों के अनुसार, 2037 तक दुनिया की आबादी नौ सौ करोड़ से ज्यादा हो जाएगी। सबसे ज्यादा आबादी वाले देशों में चीन, भारत, अमेरिका, इंडोनेशिया और पाकिस्तान शामिल हैं।



आपको जानकर हैरानी होगी कि तेजी से बढ़ती आबादी के बावजूद दुनिया के कई बड़े देश ज्यादा बच्चे पैदा करने पर जोर दे रहे हैं। इसमें दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश चीन भी शामिल है। चीन से बुधवार को खबर आई कि यहां बच्चे पैदा करने के लिए सरकार ने नवविवाहित जोड़ों को 30 दिन की पेड मैरिज लीव देने का एलान किया है। इसका मकसद ये है कि पति-पत्नी आपस में समय बिता सके और जनसंख्या बढ़ाने में भागीदार बन सकें। पहले चीन में शादी के लिए मात्र तीन दिनों की पेड लीव मिलती थी।

चीन इकलौता ऐसा देश नहीं है, जहां आबादी बढ़ाने के लिए इस तरह की प्रोत्साहन योजनाएं शुरू हुई हैं। दुनिया के कई अन्य बड़े देश भी इसमें शामिल हैं। इसका कारण भी बड़ा हैरान करने वाला है। आइए जानते हैं उन देशों के बारे में जहां, आबादी बढ़ाने पर काम हो रहा है। ये भी जानने की कोशिश करते हैं कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा?

दरअसल, चीन, जापान, अस्ट्रेलिया, इटली, रूस समेत कई देशों में आबादी भले ज्यादा है, लेकिन यहां जन्मदर घट गई है। अभी जो इन देशों में आबादी है, उनमें से ज्यादातर 40 साल से अधिक हैं। मतलब ये बुजुर्ग हो रहे हैं और नए युवाओं की देश में कमी पड़ने लगी है। ऐसे में इन देशों के सामने सबसे बड़ी चिंता ये है कि अगर आने वाले समय में यहां जन्मदर नहीं बढ़ी तो युवाओं का संकट हो जाएगा। मतलब काम करने वाले वर्ग की कमी हो जाएगी। इसका सीधा असर देश के विकास पर पड़ेगा। देश में काम करने वालों की संख्या कम होगी और बुजुर्गों की अधिक। जब काम करने वाले लोग कम होंगे तो देश की अर्थव्यवस्था, उत्पादन क्षमता, सैन्य क्षमता हर क्षेत्र पर असर पड़ेगा। यही कारण है कि इन देशों ने ज्यादा आबादी होने के बावजूद अधिक से अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की हैं।

शादी के कई सालों बाद भी ज्यादातर लोग यहां बच्चे पैदा नहीं करते हैं। इसके चलते जापान में युवाओं की संख्या लगातार घटती जा रही है, जबकि बुजुर्ग बढ़ते जा रहे हैं। अब जापान में काम करने वालों की संख्या कम हो गई है। यह देश अपनी घटती आबादी के चलते परेशान है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, जापानी लोगों पर किए गए एक नए सर्वे में पाया गया है कि 18 से 34 साल की उम्र के 70 प्रतिशत अविवाहित पुरुषों और 60 प्रतिशत अविवाहित महिलाओं की रिलेशनशिप में दिलचस्पी ही नहीं है। 30 फीसदी ऐसे जोड़े भी हैं, जिनके यहां शादी के कई सालों बाद भी बच्चे नहीं हैं। इसी के चलते यहां की सरकार बच्चे पैदा करने पर नकद इनाम देती है। हर बच्चे पर अब छह लाख रुपये का इनाम दिया जाता है। जापान में जन्म दर महज 1.46 है, जो देश के लिए चिंता का विषय है।

रूस में दूसरे विश्व युद्ध के बाद से जनसंख्या दर में लगातार गिरावट हुई है। अब यहां प्रति 1000 महिलाओं के मुकाबले 800 पुरुष हैं। यहां अधिकतर युवा कुंवारे हैं। शादी के बाद भी बहुत से जोड़े बच्चे नहीं करते हैं। इसके चलते सरकार ने 12 सितंबर 2007 को 'गर्भधारण दिवस' घोषित कर दिया था। इस दिन की टुट्टी रहती है, ताकि लोग बच्चे पैदा करने पर फोकस कर सकें। इसके अलावा जो महिलाएं इस दिन के ठीक नौ माह बाद बच्चे को जन्म देती हैं उन्हें कार और इलेक्ट्रनिक सामान गिफ्ट किए जाते हैं। रूस सरकार ने एक और योजना की शुरुआत की है। इसके अनुसार, दूसरा या तीसरा बच्चा पैदा करने वाली महिला को नौ हजार डलर यानी करीब सात लाख रुपये दिए जाते हैं।

इटली में भी युवाओं की जनसंख्या काफी तेजी से घटती जा रही है। यही कारण है कि यहां की सरकार ने घटती आबादी को लेकर चिंता जाहिर की है। यहां प्रति महिला फर्टिलिटी रेट महज 1.43 है, जो यूरोप के औसत 1.58 से भी कम है। सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं, जिसके जरिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा बच्चों को पैदा करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। यहां बच्चा पैदा करने वालों को अगर आर्थिक मदद की जरूरत होती है तो सरकार बच्चों का पूरा खर्च उठाती है।

सन 1990 के बाद से रोमानिया में जन्मदर लगातार कम हो रही है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, वर्ष 2018 में यहां जनसंख्या की वृद्धि दर -050 : है। यहां के हालात इस कदर बिगड़ रहे हैं कि सरकार ने बच्चे न पैदा करने वाले दंपत्तियों पर ज्यादा टैक्स लगाना शुरू कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जो दंपत्ति बच्चे पैदा नहीं करती है, उन्हें 20 प्रतिशत ज्यादा टैक्स देना पड़ता है।

तुर्किये में भी जन्मदर लगातार घट रही है। यही कारण है कि यहां की सरकार ने भी ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए इनाम की घोषणा की है। यहां पहला बच्चा पैदा होने पर 230 डलर, दूसरे बच्चे पर 270 डलर और तीसरा बच्चा पैदा होने पर 360 डलर का इनाम दिया जाता है। यहां मां बनने वाली महिलाओं को फुल टाइम के वेतन पर पार्ट टाइम जब दी जाती है। यहां प्रति महिला 1.23 बच्चा है। यह दर भी सरकार की कोशिशों के बाद सुधरी है। वर्ष 2005 में यहां फर्टीलिटी रेट 0.95 चला गया था। वर्ष 2013 के बाद से यहां शादी शुदा जोड़ों को बच्चे पैदा करने पर इनाम दिया जाता है। सरकार कई तरह से लोगों को बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। डेनमार्क, स्पेन, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर जैसे देशों में भी लोगों को ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन देशों की सरकारों ने भी अलग-अलग तरह से प्रोत्साहन योजना शुरू की है।

### आतंकी हमलों की कवरेज पर रोक, चैनलों के लिए गाइडलाइन जारी

**इस्लामाबाद, (एजेंसी) ।** पाकिस्तान इलेक्ट्रनिक मीडिया रेगुलेटरी अथरिटी ने टीवी चौनल्स के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। नई गाइडलाइंस के तहत अब न्यूज चौनल पाकिस्तान में आतंकी हमलों की कवरेज नहीं करेगा। जारी किए गए निर्देशों के अनुसार कई बार फौरन दिखाई गई ये खबरें वेरिफाइड भी नहीं होतीं। ऐसे में अराजकता पैदा होती है। इतना ही नहीं, ये सब देखने के बाद आतंकवादी भी पलिटिकल एडवर्टाइजिंग के लिए मीडिया का इस्तेमाल करते हैं।

अधिसूचना में कहा गया है, यह गंभीर चिंता का विषय है कि बार-बार दिशा-निर्देश दिए जाने के बावजूद सैटेलाइट टीवी चौनल इलेक्ट्रनिक मीडिया आचार संहिता 2015 के प्रावधानों का पालन करने में असमर्थ हैं।आतंकवादी हमलों के कवरेज को बैन के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि समाचार चौनल केवल लीड लेने और सबसे पहले खबर दिखाने का क्रेडिट लेने के लिए बुनियादी पत्रकारिता मानदंडों और नैतिकता की अनदेखी करते हुए मैराथन प्रसारण का सहारा लेते हैं।

### भारतवंशी विवेक रामास्वामी ने किया राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारी का ऐलान, ट्रंप को देंगे टक्कर

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** भारतीय-अमेरिकी तकनीकी उद्यमी विवेक रामास्वामी ने घोषणा की है कि वह 2024 रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए दौड़ में हैं। एक शर्ट वीडियो में, 37 वर्षीय ने कहा, हमने अपनी श्डायवर्सिटी का इतना जश्न मनाया है कि हम सभी तरीकों को भूल गए हैं कि हम वास्तव में अमेरिकियों के समान हैं, उन आदशरें से बंधे हैं जो 250 साल पहले लोगों के एक विभाजित, अडियल समूह को एकजुट करते थे। मुझे खुद पर विश्वास है कि वे आदर्श अभी भी मौजूद हैं। मैं उन्हें पुनर्जीवित करने के लिए राष्ट्रपति पद की दौड़ में हूं।

हम एक राष्ट्रीय पहचान के संकट के बीच में हैं। विश्वास, देशभक्ति और परिवार गायब हो रहे हैं। हम इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए एक के बाद एक विवेकवाद से जलवायुवाद तक धर्मनिरपेक्ष धर्म को गले लगा रहे हैं। फिर भी हम इसका जवाब भी नहीं दे सकते कि क्या इसका मतलब एक अमेरिकी होना है। रामास्वामी, जिनके माता-पिता केरल के पलक्कड़ में वडक्कनचेरी से आकर बसे थे, उन्होंने स्ट्राइव एसेट मैनेजमेंट की सह-स्थापना की और वर्तमान में कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। स्ट्राइव से पहले, उन्होंने बायोफार्मास्यूटिकल कंपनी रोइवेंट साइंसेस की स्थापना की थी।

### होटल में लगी भीषण आग, 2 बच्चों सहित 6 लोगों की दर्दनाक मौत

**मास्को, (एजेंसी) ।** रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने बीती देर रात बताया कि मस्को में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से दो बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई है। मंत्रालय ने टेलीग्राम मैसेजिंग प्लेटफर्म पर कहा कि आग की घटना से नौ लोग घायल हुए हैं और करीब 200 लोगों को इमारत से निकाला गया है। इस इमारत में एक होटल भी है। रूस की जांच समिति ने टेलीग्राम पर कहा कि आधी रात से ठीक पहले आग बुझा दी गई और हर कमरे का निरीक्षण किया गया। आगे बताया कि उन्होंने इमारत की पांचवीं मंजिल पर लगी आग के कारणों का पता लगाने के लिए आपराधिक मामला दर्ज किया है।रूसी एजेंसियों ने बताया कि मस्को के तगांस्की जिले में 41 साल पुरानी इमारत के निचले फ्लोर पर एमकेएम होटल के साथ-साथ ऊपरी फ्लोर पर अपार्टमेंट भी है।

### बिहार में शराबबंदी के पक्ष में 99 प्रतिशत महिलाएं : सर्वे

**पटना (एजेंसी)।** बिहार सरकार शराबबंदी कानून को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बीच, कराए गए एक सर्वे से यह खुलासा हुआ है कि राज्य की 99 प्रतिशत महिला आबादी और 92 प्रतिशत पुरूष आबादी शराबबंदी के पक्ष में है। अलग बात है कि शराबबंदी कानून और लागू करने के तरीके को लेकर विपक्ष सवाल उठाता रहा है। बिहार रुरल लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जीविका), चाणक्य विधि विश्वविद्यालय और पंचायती राज द्वारा संयुक्त रूप से कराए गए सर्वे के मुताबिक बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम 2016 लागू होने के बाद से अब तक 1.82 करोड़ यानी करीब 96 प्रतिशत लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया है। बताया गया है कि इस सर्वे में 10 लाख से अधिक लोगों से संपर्क किया गया। सर्वेक्षण के लिए सभी जिलों और सभी प्रखंडों को आधार बनाया गया। इसके लिए जीविका समूह से 10 हजार लोगों का चयन किया गया था। इस दौरान इन्होंने 7968 पंचायतों के लोगों से संपर्क किया। मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा शराबबंदी का आम लोगों पर पडने वाले प्रभाव के आकलन के लिए कराए गए सर्वे के विषय में जीविका समूह के कार्यपालक निदेश-क राहुल कुमार ने बताया कि सर्वे से जुड़ी 10 हजार महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया था।

## हरियाणा में पूर्व विधायक रमेश गुप्ता समेत 2 दर्जन नेताओं ने ज्वाइन की कांग्रेस

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा कांग्रेस में अन्य दलों से बड़े नेताओं की बंपर जइनिंग का दौर जारी है। आम आदमी पार्टी छोड़कर लाडवा से पूर्व विधायक रमेश गुप्ता, जेजेपी के पूर्व नेता व हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के पूर्व चेयरमैन अमीरचंद चावला, आम आदमी पार्टी की तरफ से यमुनानगर मेयर का चुनाव लड़ चुके संदीप गोयल और इनेलो किसान सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष महिपाल राणा समेत 2 दर्जन नेताओं ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस का दामन थामा।

इन नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। दोनों नेताओं ने पार्टी में शामिल होने पर सभी का स्वागत किया और पूरे मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। जइनिंग का यह कार्यक्रम श्हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर हुई पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक से पहले हुआ। बैठक में अभियान के लिए नियुक्त सभी जिला प्रभारी, जिला और ब्लक के को-अर्डिनेटर्स शामिल हुए।

बैठक में एआईसीसी की तरफ से नियुक्त हरियाणा के संयोजक सुभाष चोपड़ा ने कहा कि वो जब भी हरियाणा आते हैं, हर बार बड़ी तादाद में पार्टी में ज्वाइनिंग देखने को मिलती है। इससे पता चलता है कि हरियाणा की हवा कांग्रेस के पक्ष में चल रही है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। उन्होंने कांग्रेसजनों से आह्वान किया कि वो जनता के बीच जाएं तो भाजपा की कुनीतियों को उजागर करने के साथ भविष्य में कांग्रेस सरकार बनने पर होने वाले विकास कार्यों का रोड मैप भी दें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के जरिए पार्टी को जो मोमेंटम मिला है, वह कम नहीं होना चाहिए।

## कुमार विश्वास ने आरएसएस को बताया अनपढ़, विवाद बढ़ा

**उज्जैन, एजेंसी।** भारत उत्कर्ष, नवजागरण और वृहत्तर भारत की सांस्कृतिक चेतना पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2023 (विक्रम सम्वत् 2079) के तहत कवि और लेखक कुमार विश्वास उज्जैन में राम कथा के प्रेरक प्रसंग सुनाने पहुंचे थे। मंगलवार को उन्होंने राम कथा के प्रसंग सुनाने के दौरान आरएसएस पर निशाना साधा और संघ को अनपढ़ कहा। जिस वक्त कुमार विश्वास ने संघ के बारे में ये कहा उस दौरान मंच पर उच्च शिक्षा मंत्री ड. मोहन यादव व सांसद अनिल फिरोजिया भी मौजूद थे। कुमार विश्वास का बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं, कुमार विश्वास के बयान पर अब बीजेपी नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। प्रदेश प्रवक्ता राजपाल सिंह सिसोदिया ने अपने ट्विटर पर कुमार विश्वास को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उज्जैन में कथा करने आए हो कथा करो प्रमाण पत्र मत बांटो। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।



कुमार विश्वास प्रेरक प्रसंग सुनाने के दौरान राम राज्य के बजट के बारे में लोगों को बता रहे थे, इस दौरान उन्होंने केंद्रीय बजट को राम राज्य के बजट से जोड़ते हुए संघ पर निशाना साधा और कहा कि संघ से जुड़े लोग कहते हैं कि राम राज्य में बजट नहीं होता था। हमारे देश में दो तरह के लोगों का झगड़ा चल रहा है। एक वामपंथी हैं, जो कुपढ़ हैं, उन्होंने पढ़ा तो है, लेकिन गलत पढ़ा है। दूसरे हैं उन्होंने पढ़ा ही नहीं है वो कहते हैं कि हमारे वेदों में ये लिखा है लेकिन वेदों में क्या लिखा है वो उन्होंने देखा ही नहीं हैं।

कुमार विश्वास की आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टि व शानदार आध्यात्मिक संगीत से भरे इस कार्यक्रम में सबसे ज्यादा संख्या युवाओं की रही। कुमार विश्वास ने कहा कि श्रीराम के माध्यम से जीवन प्रबंधन का पाठ सीखा कैसे जा सकता है। कार्यक्रम की शुरूआत राम भजन से की गयी। राम राज्य में टैक्स की व्यवस्था अनूठी थी। राम ने भरत से कहा कि हम सूर्यवंशी हैं। इसलिए राजा को टैक्स ऐसे लेना चाहिए जैसे सूर्य टैक्स लेता है। सूरज समुद्र और नदियों से पानी लेता है लेकिन उन्हें पता नहीं चलता। उसी पानी को बारिश के रूप में वहां बरसाता है, जहां पानी की जरूरत होती है। इसी तरह आज के युग में सरकार ऐसे टैक्स लें कि जनता को पता न चले और उसे हस्पिटल और महाकाल लोक जैसे रूप में जनता को लौटाए, ताकि जनता खुश हो जाए।

कुमार विश्वास के विवादित बोल पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने रामकथा बंद करने की धमकी दी। बुधवार दोपहर को उज्जैन नगर निगम के पूर्व सभापति सोनू गहलोत ने टावर पर लगे कुमार विश्वास के पोस्टर पर पहले कालिख पोती फिर इन पोस्टरों को फाड़कर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि कुमार विश्वास ने इस आयोजन के लिए चालीस से पचास लाख रुपये लिए हैं। उसने जो टिप्पणी की है, उसकी हम घोर शब्दों में निंदा करते हैं।

हमने कुमार विश्वास को चेतावनी दी है कि शाम तक माफी मांगे। शाम का कुमार विश्वास का जो कार्यक्रम है, हम उसे होने नहीं देंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लगभग 100 साल से इस देश को गढ़ने और आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। हजारों की संख्या में स्वयंसेवकों ने अपना जीवन होम किया है। उनके बारे में यदि कोई इस प्रकार की टिप्पणी करता है तो यह बर्दाश्त के बाहर है।

विरोध बढ़ा तो विश्वास ने एक वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा कि बहुत खराब स्वास्थ्य और बुखार के बावजूद, मैं बाबा महाकाल की पा से मैं दो घंटे से अधिक समय तक रामकथा और उसकी प्रासंगिकता पर बोल सका। कथा प्रसंग में मेरे कार्यालय में काम करने वाले एक बालक पर मैंने टिप्पणी की। संयोग से वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में काम करता है। पढ़ता-लिखता कम है, बोलता ज्यादा है। मैंने उससे कहा कि तुम पढ़ा-लिखा करो। वामपंथी कुपढ़ है और तुम अनपढ़ हो। बस इतनी-सी बात थी। कुछ विघ्न संतोषियों ने इसे फैला दिया। कुछ मित्रों ने कहा कि हम इस कथा को भंग करेंगे। आप यह याद रखियेगा कि राम की कथा को कौन भंग करते हैं? मैं उज्जैन के सभी मित्रों से आग्रह करता हूं कि वह सभी वहां पहुंचे और मैं जो बोल रहा हूं, उसका अर्थ उस तरह से लगाएं, जो मैं बोल रहा हूं। यदि आप इसे नए अर्थ के लिए समझेंगे तो मैं उसके लिए जिम्मेदार नहीं हूं। तदुपरांत आपकी सामान्य बुद्धि में यह प्रसंग किसी और तरीके से चला गया हो तो उसके लिए मुझे माफ करें। मुझे क्षमा करें। प्रार्थना करूंगा कि जिन्होंने यह विघ्न संतोष पैदा किया है, ईश्वर उनकी भी बुद्धि मलिनता से दूर करें।

## आर्थिक संकट: कंगाल पाक को मिला चीन का साथ

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान इस समय अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। महंगाई आसमान छू रही है। आयात किया हुआ सामान बंदरगाहों पर अटका हुआ है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में तीन अरब अमेरिकी डलर से भी कम धन बचा है। इस बीच, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विदेशख मंत्रालय को निर्देश जारी किए हैं कि वह विदेश में अपने मिशनों, कार्यालयों और कर्मचारियों की संख्या कम करे और खर्च में 15 फीसदी की कटौती के लिए कदम उठाए। वहीं दूसरी ओर, वित्त मंत्री इशाक डार ने दावा किया है कि उनके सदाबहार दोस्त चीन की ओर से 700 करोड़ डलर के कर्ज को मंजूरी दी गई है।

देश के एक प्रमुख समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक,



वित्त मंत्री डार का दावा- 700 करोड़ डॉलर के कर्ज को मिली मंजूरी

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से मंगलवार को श्रेशनेलाइजेशन अफ फरेन मिशन अब्रोडश नाम के शीर्षक के साथ निर्देश जारी किए गए। इसमें दो सप्ताह के भीतर इस मामले में एक सुविचारित प्रस्ताव या योजना बनाने की बात कही गई है। राष्ट्रीय मितव्ययिता समिति (एनएसी) ने विदेश में मिशनों में कटौती करने के कदम की सिफारिश की है। इस समिति का गठन प्रधानमंत्री शरीफ ने मौजूदा वित्तीय संकट के मद्देनजर देश के लिए मितव्ययिता उपायों का सुझाव देने के लिए किया था।

समिति ने यह भी सिफारिश की है कि विदेशों में पाकिस्तानी मिशनों पर होने वाले खर्च में 15 फीसदी की कटौती की जाए। एनएसी ने विदेशी मिशनों में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या में कमी करने के उपायों की भी सिफारिश की है। 10 फरवरी तक पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक (एसबीपी) के पास भंडार में केवल 3.2 बिलियन अमेरिकी डालर थे, जो केवल तीन सप्ताह के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त थे। पाकिस्तान में भुगतान संतुलन की पुरानी समस्या है जो पिछले साल से बढ़ गई, जब देश का विदेशी मुद्रा भंडार महत्वपूर्ण स्तर तक गिर गया।

शहबाज सरकार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के बीच नौ राउंड की बैठक हो चुकी है। लेकिन बेलआउट पैकेज पर कोई सहमति नहीं बन सकी है। इसे देश को डिफल्ट होने से रोकने के लिए जरूरी माना जा रहा है।

डलर की निकासी को रोकने के लिए सरकार ने प्रतिबंध लगाए हैं। केवल जरूरी खाद्य पदार्थों और दवाओं के आयात की अनुमति दी है। संघीय सरकार जनता पर टैक्स में वृद्धि करके सरकारी खर्चों को कम करने के लिए अपने खर्च में कटौती करने के उपायों को लागू करने के लिए तैयार है।

वित्त मंत्री इशाक डार ने बुधवार को घोषणा की कि उनके सदाबहार सहयोगी चीन ने पाकिस्तान को 700 करोड़ डलर के कर्ज को मंजूरी दे दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और चीन विकास बैंक (चाइना डेवलपमेंट बैंक) के बोर्ड ने पाकिस्तान को 700 करोड़ डलर की सुविधा को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह धन राशि इस हफ्ते केंद्रीय बैंक एसबीपी को हासिल होने की उम्मीद है, जो अपना मुद्रा भंडार बढ़ाएगा।

डार की ओर से यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में एक दिन पहले धन विधेयक पारित किया गया। इसका उद्देश्य आर्थिक मंदी से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 1.1 अरब डलर की ऋण सुविधा हासिल करना और कर राजस्व (टैक्स रेवेन्यू) को बढ़ाना है।

## प्रेमी से शादी में आड़े आ रहा था बेटा, मां ने उतार दिया मौत के घाट

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में एक मां ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही 4 साल के बच्चे की हत्या कर दी। घटना कुलतली थाना क्षेत्र के कुंदखली गांव की है। मंगलवार की रात स्थानीय लोगों को बच्चे का शव मिला।

बच्चे का शव मिलने के बाद जब लोगों ने उसकी मां से पूछताछ की तो महिला कोई जवाब नहीं दे पाई। इसके बाद इलाके के लोगों ने उसे पीटना शुरू कर दिया जिस पर उसने बताया कि उसके प्रेमी ने बच्चे को मार डाला है। घटना के बाद से प्रेमी फरार है।

स्थानीय लोगों ने बच्चे की हत्या की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने हत्या की आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक हत्या की आरोपी मफूजा पियादा पंद्रह साल पहले अपने पति अली पियादा के साथ कोलकाता चली गई थी जहां वो दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करती थी। इसी दौरान मफूजा पियादा का अबुल हुसैन शेख नाम के शख्स के साथ विवाहेतर संबंध बन गया।

कभी-कभी पति के काम पर चले जाने पर अबुल हुसैन महिला के घर आ जाता था। पति के घर पर नहीं होने के बाद मंगलवार की सुबह अबुल हुसैन महिला के घर पहुंच गया और दोनों ने कहीं और जाकर शादी करने का फैसला किया जिससे उसका 4 साल का बेटा परेशान हो गया।

### आम आदमी पार्टी के आले मोहम्मद इकबाल बने एमसीडी डिप्टी मेयर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के सिविक सेंटर में मेयर, डिप्टी मेयर, स्टैंडिंग कमेटी के 6 सदस्यों का चुनाव सकुशल संपन्न हो गया। आम आदमी पार्टी उम्मीदवार शैली ओबराय को दिल्ली के मेयर के रूप में चुन लिया गया है, और आले मोहम्मद इकबाल को डिप्टी मेयर चुना गया।

**होली से पहले रेलवे ने दी खुशखबरी**

## कैंसिल ट्रेनों को वापस चलाने का फैसला, बढ़ाए इन गाड़ियों के फेरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** होली का त्योहार करीब आता देख रेलवे ने यात्रियों को सुगम यातायात की सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से कुछ ट्रेनों को फिर से चलने का फैसला किया है। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में होने वाली भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने रद की गई ट्रेनों को फिर से बहाल करने का निर्देश दिया है। इस फैसले से रेल यात्रियों को बहुत राहत मिलने की उम्मीद है।

होली ऐसा त्योहार है, जिस पर सब लोग अपने घर जाना चाहते हैं। सबकी तमन्ना होती है कि वो यह त्योहार अपने प्रियजनों के बीच मनाए। होली में अब अधिक दिन नहीं बचे हैं। जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आएगा, ट्रेनों में भीड़ बढ़ती जाएगी। इसके मद्देनजर रेलवे अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। हाल के दिनों में रेलवे ने कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

होली के मद्देनजर रेलवे निरस्त ट्रेनों को फिर से बहाल कर रहा है। होली पर यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए रेलवे पहले ही कई विशेष ट्रेनों को चला रहा है। रेलवे ने देश



के बड़े शहरों से छोटे शहरों को जोड़ने के लिए साप्ताहिक ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है।

जालना और छपरा के बीच चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन गाड़ी संख्या 07651 पहले 1 मार्च तक चलनी थी, लेकिन अब इसके फेरे भी बढ़ा दिए गए हैं। अब यह गाड़ी 11 मार्च तक चलेगी।

वापसी में चलने वाली गाड़ी संख्या 07652 छपरा-जालना की अवधि भी बढ़ा दी गई है। अब यह ट्रेन 2 जून तक चलाई जाएगी।

गाड़ी संख्या 02575 हैदराबाद-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ा दिए गए हैं। यह ट्रेन पहले 24 फरवरी तक ही चलनी थी, लेकिन अब यह 30 जून तक चलाई जाएगी।

02576 गोरखपुर-हैदराबाद साप्ताहिक होली स्पेशल 26 फरवरी तक चलनी थी, इसका परिचालन 2 जुलाई तक जारी रहेगा।

# दक्षिण अफ्रीका महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में, बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया



केपटाउन, लौरा वॉलवार्ट और तजमीन ब्रिट्स के नाबाद अर्धशतकों तथा पहले विकेट के लिये 117 रन की अटूट साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश को 10 विकेट से रौंदकर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम इस तरह शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में ग्रुप दो के शीर्ष पर रहने वाली इंग्लैंड से भिड़ेगी। इंग्लैंड ने अभी कोई मैच गंवाया नहीं है।

दक्षिण अफ्रीका ग्रुप एक में गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया के पीछे रही जिसने अपने सभी चारों मैच जीते थे।दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और श्रीलंका ने अपने ग्रुप के मैच खत्म होने के बाद चार चार अंक हासिल किये। लेकिन तीनों टीमों में मेजबान का नेट रन रेट +0.738 बेहतर रहा जिससे वह सेमीफाइनल में पहुंची।

न्यूजीलैंड और श्रीलंका का नेट रन रेट क्रमशः +0.138 और झ 1.460 रहा।

सुने लुस की अगुआई वाली टीम इस तरह अपनी सरजमीं पर आयोजित हुए आईसीसी विश्व कप के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली दक्षिण अफ्रीकी टीम झ पुरूष या महिला, जूनियर या सीनियर बन गयी।वोलवार्ट (56 गेंद में नाबाद 66 रन) और ब्रिट्स (51 गेंद में नाबाद 50 रन) ने अपनी टीम के लिये टूर्नामेंट में पहले अर्धशतक जमाये जिससे दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश द्वारा दिया गया 114 रन का लक्ष्य 13 गेंद रहते हासिल कर लिया। मेजबान टीम मंगलवार को 17.5 ओवर में बिना विकेट गंवाये 117 रन बनाकर सेमीफाइनल में पहुंची।

इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया, उसके लिये कप्तान निगार सुल्ताना 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं।

दक्षिण अफ्रीका के लिये अयाबोंगा खाका और मरिजाने काप ने दो दो विकेट झटके। वहीं शबनीम इस्माइल और नानकुलुलेको मलाबा को एक एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका के लिये वोलवार्ट ने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का जड़ा जबकि ब्रिट्स ने चार चौके लगाये।

## इंग्लैंड की पाक पर धमाकेदार जीत, भारत सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा

केपटाउन, इंग्लैंड ने मंगलवार को यहां अपने आखिरी लीग मैच में पाकिस्तान पर 114 रन की धमाकेदार जीत के साथ आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप दो में अपना पहला स्थान बरकरार रखा जिसका मतलब है कि ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम को सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम की चुनौती का सामना करना होगा।

इंग्लैंड ने ग्रुप दो में अपने चारों में जीतकर आठ अंक हासिल किए। वह सेमीफाइनल में ग्रुप एक से दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगा। भारत ने चार में से तीन मैच जीते और वह छह अंकों के साथ ग्रुप दो में दूसरे स्थान पर रहा। सेमीफाइनल में उसका सामना गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा जिसने ग्रुप एक में अपने चारों मैच जीतकर आठ अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया था।

इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और पांच विकेट पर 213 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

# सानिया ने दुबई में हार के साथ अपने करियर का अंत किया



दुबई, भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने मंगलवार को यहां डब्ल्यूटीए दुबई ड्यूटी फ्री चैम्पियनशिप के पहले दौर में अपनी अमेरिकी जोड़ीदार मैडिसन कीज के साथ सीधे सेटों में हारकर अपने चमकदार करियर का अंत किया।सानिया और कीज की जोड़ी रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा और ल्यूडमिला सैमसोनोवा से ठीक एक घंटे तक चले मैच में 4–6, 0–6 से हार गईं।

वेरोनिका एकल में 11वें और युगल रैंकिंग में पांचवें नंबर पर हैं जबकि ल्यूडमिला युगल में 13वें स्थान पर हैं।

छत्तीस वर्षीय सानिया 2003 में पेशेवर बनी थी। उन्होंने अपने करियर में छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीते जिनमें तीन महिला युगल और इतने ही मिश्रित युगल के खिताब शामिल है। महिला युगल में उन्होंने अपने तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब मार्टिना हिंगिस के साथ मिलकर जीते।

अपने तीन मिश्रित युगल ग्रैंडस्लैम खिताब में से दो खिताब उन्होंने हमवतन महेश भूपति (2009 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और 2012 में फ्रेंच ओपन) के साथ मिलकर जीते। उन्होंने ब्रूनो सोरेस के साथ मिलकर अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था।

दुबई ओपन में दोनों टीमों ने शुरू में एक दूसरे की सर्विस तोड़ी जिससे एक समय स्कोर 4–4 से बराबरी पर था। इसके बाद हालांकि रूसी जोड़ी ने सानिया और कीज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर पहला सेट अपने नाम किया।

सानिया और उनकी जोड़ीदार ने दूसरे सेट के शुरू में ही अपनी सर्विस गंवा दी और इसके बाद वापसी करने में नाकाम रही।

# रुद्रांक्ष ने 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण जीता, महिला वर्ग में तिलोत्तमा को कांस्य

काहिरा, गत विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल ने मंगलवार को यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप की पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जबकि तिलोत्तमा सेन ने इसी स्पर्धा के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत का दबदबा बनाए रखा।भारत अब प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण सहित चार पदक जीत चुका है।दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रुद्रांक्ष ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में जर्मनी के मैक्समिलियन उल्बरिच को 16–8 से हराया।रुद्रांक्ष रैंकिंग दौर में भी 262.0 अंक के साथ शीर्ष पर रहे थे जबकि उल्बरिच ने 260.6 अंक जुटाए थे।तिलोत्तमा ने 262.0 के स्कोर के साथ रैंकिंग राउंड में शीर्ष आठ में जगह बनाई लेकिन वह 0.1 के न्यूनतम संभावित अंतर से स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाने से चूक गई। उनका पदक प्रतियोगिता में भारत का दूसरा कांस्य पदक है।

ग्रेट ब्रिटेन की सियोनैड मैकिंटोश ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में स्विट्जरलैंड की ओलंपिक चैंपियन नीना क्रिस्टन को 16–8 से हराया।

इससे पहले रुद्रांक्ष ने क्वालीफिकेशन दौर में 629.3 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए रैंकिंग दौर में जगह बनाई थी।पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीय निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और हृदय हजारिका रैंकिंग दौर में जगह बनाने से मामूली अंतर से चूक गए।रैंकिंग दौर में शीर्ष आठ क्वालीफायर पांच शॉट की पांच सीरीज में चुनौती पेश करते हैं जिससे स्वर्ण पदक के मुकाबले में हिस्सा लेने वाले शीर्ष दो निशानेबाजों का फैसला होता है। पहली सीरीज के बाद इजराइल के अनुभवी निशानेबाज सर्गेई रिकटर शीर्ष पर थे जबकि रुद्रांक्ष उनसे 1.2 अंक पीछे थे।रुद्रांक्ष ने दूसरी सीरीज में वापसी की और अपने 10वें शॉट में 10.9 के परफेक्ट स्कोर के साथ पहली बार बढ़त बनाई। तीसरी सीरीज के अंत तक उन्होंने क्रोएशिया के मिरान मारिसिच पर 0.2 अंक की मामूली बढ़त बना रखी थी।रुद्रांक्ष ने चौथी सीरीज के अंत तक 1.1 अंक की बढ़त हासिल कर ली। रिकटर तीसरे स्थान पर बरकरार थे। सिर्फ चार निशानेबाज दौड़ में थे। विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष ने 25 शॉट के बाद 262 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया और उल्बरिच 260.6 अंक के साथ मारिसिच और रिकटर को पछाडक़र दूसरे स्थान पर पहुंचने में सफल रहे।

## टाटा ने आईपीएल के बाद डब्ल्यूपीएल के अधिकार भी हासिल किए

नयी दिल्ली, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अधिकार हासिल करने के बाद टाटा समूह ने मुंबई में चार मार्च से शुरू होने वाली पहली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के टाइटल अधिकार भी हासिल कर लिये।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने ट्वीट करके इसकी घोषणा की।

उन्होंने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि टाटा समूह पहले डब्ल्यूपीएल का टाइटल प्रायोजक होगा। उनके सहयोग से हमें पूरा भरोसा है कि हम महिला क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जा सकते हैं।इस करार के वित्तीय पक्षों का खुलासा नहीं किया गया है।बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि टाटा ने पांच साल के लिए अधिकार हासिल किए हैं। टाटा ने पिछले साल आईपीएल के अधिकार भी हासिल किए थे।

# स्पिनर एशटन एगर को आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम से 'रिलीज' किया



नयी दिल्ली, राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने बुधवार को कहा कि आस्ट्रेलियाई स्पिनर एशटन एगर को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिये भारत का दौरा कर रही टेस्ट टीम से 'रिलीज' कर दिया गया और वह स्वदेश रवाना हो चुके हैं।

एगर घरेलू सत्र के अंतिम चरण में 'वेस्टर्न आस्ट्रेलिया' के लिए खेलेंगे। दौरे के बीच में आस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी स्वदेश लौट चुके हैं जिनमें यह 29 वर्षीय बायें हाथ स्पिनर भी शामिल हो गया है। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटों के कारण टीम से बाहर होने के बाद पहले ही स्वदेश लौट चुके हैं।

आस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले दो मैच गंवा चुकी है।डोडेमेड ने कहा, एगर टीम के लिये सर्वश्रेष्ठ कर चुके हैं। उन्होंने काफी अच्छा काम किया है। नागपुर में पहले टेस्ट में (मरफी, एगर और स्वेपसन) के बीच चयन काफी करीबी रहा कि हमें किस स्पिनर को उतारना चाहिए। सवाल था कि दो ऑफ स्पिनरों को एक साथ उतारा जाये या नहीं।उन्होंने कहा, दूसरे टेस्ट में मैथ्यू कुहेनमैन भी शामिल हो गये थे जिसके बाद भी काफी करीबी फैसला रहा। हमने फैसला किया कि मैथ्यू की शैली यहां की परिस्थितियों के अनुकूल होगी।

एगर एक भी मैच खेलने बिना ही स्वदेश लौट गये हैं जबकि ऑफ स्पिनर टॉड मरफी को उन पर तरजीह देकर पहले टेस्ट की टीम में चुना गया था। दूसरे टेस्ट में हालांकि अस्ट्रेलिया ने तीन स्पिनरों को उतारा लेकिन एगर को फिर टीम में जगह नहीं दी गयी जिसमें साथी बायें हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को पदार्पण कराया गया।

बॉर्डर–गावस्कर ट्राफी का तीसरा टेस्ट एक मार्च से इंदौर में शुरू होगा। अंतिम टेस्ट नौ मार्च से अहमदाबाद में खेला जायेगा।

लेग स्पिनर मिचेल स्वेपसन अपने बच्चे के जन्म के लिये दिल्ली में दूसरे टेस्ट से पहले और कप्तान पैट कमिंस पारिवारिक कारणों से स्वदेश लौट गये थे। लेकिन अब दोनों इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले टीम से जुड़ जायेंगे। एगर के मार्च में टूर के वनडे चरण के लिये भारत लौटने की संभावना है।

## फिल्मी सफर

# पठान ने हासिल किया नया मुकाम, 1,000 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हुई फिल्म



शाहरुख खान की फिल्म पठान ने रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया हुआ है। फिल्म आए दिन नए–नए रिकॉर्ड बना रही है। न सिर्फ भारत, बल्कि विदेशी बॉक्स ऑफिस पर भी यह कई नए कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। शाहरुख के साथ उनके प्रशंसकों को भी बेसब्री से इंतजार था कि फिल्म कब दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री करेगी और अब आखिरकार यह मुश्किल पड़ाव भी पठान ने पार कर लिया है।

पठान ने जहां भारत में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है, वहीं इसने दुनियाभर में 1,000 करोड़ के जादुई आंकड़े को भी छू लिया है और इसी के साथ पठान इस क्लब में एंट्री करने वाली पांचवीं भारतीय फिल्म बन गई है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। बीते रविवार को फिल्म का दुनियाभर में कलेक्शन 996 करोड़ रुपये था, जो अब बढक़र 1,000 करोड़ रुपये हो गया है।

दंगल पहली ऐसी भारतीय फिल्म थी, जिसने दुनियाभर में लगभग 2,200 करोड़ रुपये की कमाई की थी। दूसरे नंबर पर है बाहुबली 2ः द कनक्लूजन। इस फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस से करीब 1,810 करोड़ रुपये बटोरे। 1,258 करोड़ रुपये के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर निर्देशक एसएस राजामौली की गोल्डन ग्लोब जीत चुकी ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर है । सुपरस्टार यश की फिल्म केजीएफः2 को चौथा स्थान मिला है, जिसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1,250 करोड़ रुपये है।

स्पाई थ्रिलर फिल्म पठान से शाहरुख ने करीब चार साल बाद वापसी की है। उनकी जैसी धमाकेदार वापसी इससे पहले बॉलीवुड में किसी की नहीं हुई। फिल्म में शाहरुख के साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी मुख्य भूमिका में हैं और सलमान खान मेहमान भूमिका में हैं। सिनेमाघरों के मालिक इस हफ्ते पठान वीक मना रहे हैं। खास बात यह है कि दर्शकों को फिल्म का टिकट खरीदने के लिए महज 110 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। शाहरुख फिल्म जवान में नजर आएंगे, जो साउथ के मशहूर निर्देशक एटली के निर्देशन में बन रही है।

# रणबीर–श्रद्धा की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का गाना शो मी द ठुमका रिलीज



बॉलीवुड के मोस्ट पॉपुलर एक्टर रणबीर कपीर की मोस्ट अवेटेड फिल्म तू झूठी मै मक्कार का नया सॉन्ग आज रिलीज हो चुका है. गाने का नाम है शो मी द ठुमका. बता दें कि इस सॉन्ग में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर अपने डांस मूव्स से सबका दिल जीत रहे हैं. यह गाना 21 फरवरी को रिलीज किया गया है. फुट–टैपिंग नंबर, प्रीतम द्वारा रचित और अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखा गया है. साथ ही इस गाने को, सुनिधि चौहान और शाश्वत सिंह द्वारा गाया गया है. शो मी द ठुमका एक शादी पर आधारित है और इसमें रणबीर और श्रद्धा के बीच मस्ती भरी हंसी–मजाक देखा जा सकता है.गाने के बारे में बात करें तो, यह गीत ये जवानी है दीवानी से रणबीर कपूर की चार्टबस्टर सॉन्ग दिल्ली वाली गर्लफ्रेंड की याद दिलाता है, जिसका लुक और फील एक जैसा था. इस गाने में लगभग 100 डासंर्स ने नृत्य किया है. रणबीर और श्रद्धा के लिए इस सॉन्ग की कोरियोग्राफी गणेश आचार्य ने की है.इससे पहले, फिल्म के दो गाने रिलीज हो चुके हैं, प्यार होता बार बार है और तेरे प्यार में दोनों ही गानों को फैंस से काफी प्यार मिला है. साथ ही, अब इस सॉन्ग को दर्शकों से कैसा रिएक्शन मिलता है, यह देखना होगा.फिल्म के बारे में बात करें तो, तू झूठी मैं मक्कार रणबीर कपूर की साल की पहली रिलीज है और निर्देशक लव रंजन के साथ उनका पहला सहयोग है, जो सोनू के टीटू की स्वीटी और प्यार का पंचनामा जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं. 2022 में रिलीज हुई बागी 3 के बाद तू झूठी मैं मक्कार श्रद्धा कपूर की पर्दे पर वापसी है. इस फिल्म में डिंपल कपाडिय़ा, बोनी कपूर, अनुभव सिंह बस्सी, मोनिका चौधरी, हसलीन कौर, राजेश जैस, आयशा रजा मिश्रा जैसे कई कलाकार शामिल हैं.

# फिल्म भोला का नजर लग जाएगी गाना आपको प्यार करने पर मजबूर कर देगा



अजय देवगन अभिनीत फिल्म भोला का नया गाना नजर लग जाएगी प्यार में विश्वास जगाएगा। अमाला और अजय के किरदारों के प्यार वाले गाने के बारे में बोलते हुए, अजय कहते हैं, यह गाना फिल्म के भावनात्मक पहलू को दिखाता है। मुझे खुशी है कि इरशादजी, जावेद अली और रवि बसरूर ने इसे एक साथ खूबसूरती से पेश किया है।

अमाला पॉल और अजय अभिनीत यह गाना दर्शकों की रुचि को आकर्षित करेगा, क्योंकि इसमें अमला पॉल बेहद आकर्षक लग रही हैं, जो अजय के साथ हिंदी फिल्मों में अपनी शुरूआत कर रही हैं। बड़ी–बड़ी आंखों वाली और मोहक मुस्कान वाली अभिनेत्री अजय के प्रेमी की भूमिका निभा रही है।

गाने को जावेद अली ने गाया है, इरशाद कामिल ने लिखा है और रवि बसरूर ने संगीत दिया है। पवित्र शहर वाराणसी में खूबसूरती से फिल्माया गया, इस गीत में मार्मिक गुण है। अभिनेता को उम्मीद है कि दर्शक और उनके प्रशंसक इसे पसंद करेंगे और सुपर–हिट बनाएंगे।

भोला 30 मार्च को सिनेमाघरों में आने वाली है।

# हेरा फेरी 3 की शूटिंग शुरू, अक्षय कुमार की मौजूदगी पर लगी मोहर



बॉलीवुड फिल्में हेरा फेरी और फिर हेरा फेरी को लोगों ने काफी पसंद किया था। इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म की लोग काफी समय से डिमांड कर रहे हैं। बीते दिनों फिल्म हेरा फेरी 3 को लेकर काफी खबरें आईं। फिल्म हेरा फेरी 3 अपनी स्टारकास्ट को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा में रही है। खबरों में दावा किया गया कि फिल्म में अक्षय कुमार की जगह कार्तिक आर्यन को लिया गया है। वहीं, अक्षय कुमार ने भी स्पष्ट कर दिया था कि वह फिल्म स्क्रिप्ट से संतुष्ट नहीं थे इसलिए खुद को इससे दूर कर लिया। अब फिल्म हेरा फेरी 3 को लेकर नया अपडेट सामने आया है। लेटेस्ट रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म हेरा फेरी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है और फिल्म में पुरानी स्टारकास्ट अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल नजर आएंगे।रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल ने फिल्म हेरा फेरी 3 की शूटिंग शुरू कर दी है। मुंबई के फिरोज नाडियाडवाला के एम्पायर स्टूडियो में फिल्म में शूटिंग शुरू हुई है। फिल्म का डायरेक्शन अनीष बज्मी नहीं कर रहे हैं। फिल्म हेरा फेरी 3 के डायरेक्शन की जिम्मेदारी फरहाद सामजी को दी गई है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि अक्षय कुमार के फिल्म में कैसे लौटे हैं, इसको लेकर जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार के लिए फिल्म हेरा फेरी 3 में कुछ बदलाव किए गए हैं।फिल्म की कास्टिंग को लेकर खूब विवाद भी हुआ। कभी खबरें आईं कि अक्षय कुमार तीसरी किस्त में नहीं होंगे तो कभी इसमें उनके होने की चर्चा से बॉलीवुड का बाजार गर्म रहा।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com